वर्ष : 34 | अंक : 246 | मुंबई, गुरुवार, 13 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर

### उद्धव गुट ने आयोग के निर्णय को बताया पक्षपाती

उद्धव ठाकरे गुट ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने निर्वाचित विधायकों की संख्या को संगठनात्मक बहुमत से अधिक महत्व दिया, जो संवैधानिक रूप से गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विवाद के लंबित रहने तक उद्धव गुट को "शिवसेना (यूबीटी)" नाम और "जलती मशाल" चुनाव चिन्ह के प्रयोग की अनुमति दी है।

### एनसीपी विवाद भी समान रास्ते पर

इसी तरह, शरद पवार गुट ने भी फरवरी 2024 में चुनाव आयोग द्वारा अजित पवार को "घड़ी" चुनाव चिन्ह देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने अंतरिम राहत देते हुए शरद पवार गुट को "तुरही लिए व्यक्ति" चिन्ह इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी, जबकि अजित पवार को यह स्पष्ट करने को कहा गया कि उनका प्रतीक विवाद अभी अदालत में लंबित है।

# उद्धव और शरद पवार को 'सुप्रीम' झटका




**2026 में तय होगा असली शिवसेना और असली एनसीपी का फैसला**

**सुको ने दोनों दलों के चुनाव चिन्ह विवाद की सुनवाई जनवरी 2026 तक टाली**

**फिलहाल एकनाथ शिंदे के पास ही रहेगा 'धनुष-बाण'**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से हलचल मचा रहे दो प्रमुख सवालों — "असली शिवसेना कौन?" और "असली एनसीपी कौन?" — का जवाब अब अगले साल 2026 में मिलने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार, 12 नवंबर 2025 को दोनों राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह विवाद की सुनवाई 21 जनवरी 2026 तक के लिए स्थगित कर दी है। शिवसेना (यूबीटी) ने निर्वाचन आयोग द्वारा एकनाथ शिंदे समूह को "धनुष-बाण" चुनाव चिन्ह देने के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### समान मुद्दों पर एक साथ होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं, ने यह माना कि शिवसेना और एनसीपी के दोनों मामलों में समान संवैधानिक मुद्दे हैं। इसलिए अदालत ने दोनों याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करने का निर्णय लिया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि 21 जनवरी को सुनवाई पूरी न होने की स्थिति में, यह प्रक्रिया 22 जनवरी 2026 को भी जारी रह सकती है।

### दोनों पक्षों के वरिष्ठ वकील पेश हुए अदालत में

शिवसेना (यूबीटी) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और देवदत्त कामत ने पक्ष रखा, जबकि मुकुल रोहतगी और एन.के. कौल एकनाथ शिंदे समूह की ओर से अदालत में पेश हुए। शिवसेना (यूबीटी) की याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने फरवरी 2023 में शिंदे समूह को "शिवसेना" और "धनुष-बाण" चिन्ह देने का निर्णय राजनीतिक दबाव में लिया था, जो पार्टी के वास्तविक बहुमत को नहीं दर्शाता।

### जस्टिस सूर्यकांत का कटाक्ष



उद्धव ठाकरे की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने कहा कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के कारण कुछ जल्दी है. जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने खुद 31 जनवरी, 2026 तक पूरा करने का आदेश दिया है. इस पर शिंदे की शिवसेना के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि इतने सारे चुनाव पुराने चुनाव चिन्ह (धनुष-बाण) के बिना और अस्थायी चुनाव चिन्ह के साथ हो चुके हैं. अब इतनी जल्दी क्या है. वहीं जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इस देश में राजनीतिक दल हमेशा चुनावी मोड में रहते हैं. बता दें कि उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे गुट को असल शिवसेना मानने वाले चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है.

# बाल मृत्यु का घाट

**मेलघाट में कुपोषण से 65 बच्चों की मौत पर बंबई हाईकोर्ट सख्त, 4 सचिवों को किया तलब**

**महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार, कहा- सरकार का रवैया बेहद लापरवाह**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/मेलघाट

महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र में कुपोषण से बच्चों की मौत पर बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि शून्य से छह माह तक की उम्र के 65 बच्चों की मौत भयावह स्थिति को दर्शाती है। कोर्ट ने सरकार के बेहद लापरवाह रवैये पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि यह मुद्दा चिंता का विषय होना चाहिए। जस्टिस रेवती मोहिटे डेरे और जस्टिस संदीश पाटिल की खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार का रवैया बेहद कैजुअल है। अदालत ने कहा कि यह भयावह है। सरकार को चिंता होनी चाहिए। जिस तरह से हम चिंतित हैं, उसी तरह आप लोगों को भी होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कुपोषण से होने वाली मौतें बताती हैं कि सरकार केवल कागजों में सब कुछ सही दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।



### साल 2006 से जारी है मामला

अदालत ने कहा कि इस मामले पर 2006 से आदेश पारित किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। अदालत ने कहा कि यह सरकारी लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। "यह बेहद दुखद स्थिति है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे को सरकार ने हल्के में ले लिया है," न्यायालय ने टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की मौतें अस्वीकार्य हैं और सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे।

**कोर्ट ने बच्चों की कुपोषण से मौत को 'भयावह' बताया**

### डॉक्टरों के लिए प्रोत्साहन का सुझाव

बेंच ने सुझाव दिया कि आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को अतिरिक्त वेतन या प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए ताकि वे इन कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए प्रेरित हों। अदालत ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि इस तरह की जगहों पर नियुक्त डॉक्टरों को सुविधाएं दी जाएं और सरकार कोई जवाबदेही तंत्र विकसित करे।

### अधिकारियों को पेश होने का आदेश

कोर्ट ने राज्य सरकार के चार विभागों जन स्वास्थ्य, आदिवासी कार्य, महिला एवं बाल विकास और वित्त के प्रधान सचिवों को 24 नवंबर को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया। अदालत ने उनसे कहा कि वे इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी शपथपत्र के रूप में पेश करें। कोर्ट ने कहा कि अब जवाबदेही तय करना जरूरी है।

### DBD टिप्पणी
## सरकारी उपेक्षा का शिकार

मेलघाट एक पहाड़ी क्षेत्र है जिसमें दो तहसील धारणी और चिखलदरा शामिल हैं। यह अंचल लगभग 25 साल पहले कुपोषण के कारण सुर्खियों में आया था। मेलघाट में 1999 के बाद से लगभग 10 हजार बच्चों की मौत हुई है। वर्ष 2009-10 में शून्य से छह वर्ष के आयु वर्ग में 570 बच्चों की मृत्यु दर्ज की गई थी। 2013-14 तक, यह घटकर 338 बच्चों की मृत्यु हो गई। 2015-16 में केवल 283 बच्चों की मौत दर्ज की गई थी। लेकिन, 2016-17 में फिर से 407 बच्चों की मौत हुई। यह खतरे की घंटी थी। 2018-19 में 309, 2019-20 में 246, 2020-21 में 213, 2021-22 में 195 और अब 2022-23 में 175। दरअसल, मेलघाट सरकारी तंत्र की उपेक्षा के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, सड़कों की दुर्दशा, अंधविश्वास, बाल विवाह और कई अन्य मुद्दों का सामना कर रहा है। हालांकि, सरकार ने कई उपायों को लागू किया। योजनाओं की सूची देखें तो विशेष नवजात इकाई, नवजात स्थिरीकरण इकाई, ग्राम बाल विकास केंद्र, बाल उपचार केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ-साथ जननी सुरक्षा के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मानव विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, नवसंजीवनी योजना में मातृत्व अनुदान योजना और दाई प्रशिक्षण योजना जैसी योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। आश्चर्य ये है कि मेलघाट में 400 गैर सरकारी संगठन भी काम रहे हैं। इसके बाद भी स्थिति में ज्यादा परिवर्तन होता नहीं दिख रहा है। मेलघाट का क्षेत्रफल दो हजार वर्ग किलोमीटर से ज्यादा है, जो मुंबई के क्षेत्रफल से तीन गुना अधिक है, लेकिन मेलघाट की कुल तीन लाख आबादी के अनुपात में यहां हर साल कम उम्र के इतने सारे बच्चों की असमय मौतें 'राष्ट्रीय शर्म' की बात होनी चाहिए, लेकिन ऐसा है नहीं।

# भाजपा निकाय चुनाव में प्रचार के लिए उतारेगी 40 दिग्गज नेता

**सीएम फडणवीस-गडकरी-तावडे-मुनगंटीवार होंगे स्टार प्रचारक**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रदेश भाजपा ने स्थानीय निकाय चुनावों में प्रचार अभियान को धार देने के लिए अपने 40 दिग्गज नेताओं की सूची जारी की है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने सूची की घोषणा की। इसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित प्रदेश सरकार के 14 कैबिनेट मंत्री, एक राज्य मंत्री, दो केंद्रीय मंत्री, दो केंद्रीय राज्य मंत्री, और कई सांसदों व विधायकों का समावेश किया गया है। पार्टी ने अपने शीर्ष नेतृत्व को मैदान में उतारकर चुनावी मुकाबले को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया है।

### सीएम फडणवीस, गडकरी और गोयल होंगे प्रमुख चेहरे

घोषित सूची में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी, पीयूष गोयल, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इनके साथ प्रदेश के कई मंत्री — जैसे चंद्रकांत पाटील, चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे-पाटील, पंकजा मुंडे, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, जयकुमार रावल और नितेश राणे — को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी प्रचार में सक्रिय रहेंगे।

### चव्हाण और महाडिक को भी मिली जिम्मेदारी

भाजपा सांसद अशोक चव्हाण, धनंजय महाडिक, नारायण राणे, सांसद भागवत कराड, विधायक सुधीर मुनगंटीवार, प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, चित्रा वाघ, संजय कुटे और रणधीर सावरकर को भी स्टार प्रचारकों की सूची में स्थान दिया गया है। इसके अलावा पूर्व सांसद रावसाहब दानवे और अमर साबले जैसे वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। निकाय चुनावों के बाद राज्य में जिला परिषद, पंचायत समिति और महानगर पालिकाओं के चुनाव प्रस्तावित हैं, जिसके लिए भाजपा ने अब से ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

### राकांपा शरद गुट ने शुरू की बीएमसी चुनाव की तैयारी

**मुंबई।** आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारियों के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को फॉर्म बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये फॉर्म प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। राकांपा (शरद) मुंबई अध्यक्ष राखी जाधव ने बताया कि बीएमसी चुनाव नजदीक आते ही यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

## ब्रीफ न्यूज़

### सचिन सावंत और सूरज ठाकुर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बने

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सचिन सावंत और मुंबई युवक कांग्रेस के पूर्व कार्याध्यक्ष सुरज ठाकुर को कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। दोनों नेताओं को दो अलग-अलग राज्यों के प्रभारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत कई राज्यों के लिए नए एआईसीसी सचिवों की नियुक्ति की है। पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सावंत को कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना और सुरज ठाकुर को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है। पार्टी में दोनों नेताओं की गिनती राहुल गांधी के विश्वासपात्र लोगों में की जाती है। अगले साल पंजाब में विधानसभा चुनाव होंगे।

### लंदन स्थित इंडिया हाउस का अधिग्रहण करेगी महाराष्ट्र सरकार


**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार लंदन स्थित प्रतिष्ठित 'इंडिया हाउस' का अधिग्रहण कर एक स्मारक के रूप में संरक्षित करेगी। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने बुधवार को कहा कि इंडिया हाउस के अधिग्रहण और संरक्षण के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति इसके कानूनी और वित्तीय तरीकों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इंडिया हाउस का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण स्थान है। यहां रहकर विनायक दामोदर सावरकर समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय मंच पर संगठित और सशक्त किया था।

# अजित पवार उपमुख्यमंत्री रहेंगे तो कैसे होगी निष्पक्ष जांच : अंजली दमानिया

**पुणे जमीन घोटाला**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पुणे में पार्थ पवार की जमीन खरीद में कथित अनियमितताओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने सरकार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर सीधा हमला बोला है। दमानिया ने कहा कि जब तक अजित पवार राज्य के उपमुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे, तब तक इस प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस जमीन सौदे को कानूनी रूप से रद्द करने के लिए सरकार को न्यायालय में याचिका दायर करनी होगी।



### जांच समिति पर उठाए सवाल, इस्तीफे की मांग दोहराई

दमानिया ने जांच समिति की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए, यह कहते हुए कि जब समिति के सदस्य पुणे के ही हैं तो जांच निष्पक्ष कैसे होगी? उन्होंने अजित पवार से उपमुख्यमंत्री और पालकमंत्री पद से तत्काल इस्तीफे की मांग की। दमानिया ने यह भी कहा कि पार्थ पवार, शीतल तेजवानी या अमेडिया कंपनी स्वयं सौदा रद्द नहीं कर सकते, क्योंकि जिन पर अनियमितता का आरोप है उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है।

### दमानिया के आरोपों में कुछ नया नहीं : राकांपा

दमानिया के आरोपों पर राकांपा (अजित) प्रवक्ता सूरज चव्हाण ने प्रतिक्रिया दी कि जैसे ही अजित पवार या उनके परिवार का नाम आता है, वैसे ही दमानिया विदेश से लौटकर मुंबई आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि दमानिया ने कोई नया आरोप नहीं लगाया है और सरकार पहले ही जांच समिति गठित कर चुकी है।

# 130वें संविधान संशोधन विधेयक के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित

**सुप्रिया सुले, माने और निकम बनाए गए सदस्य**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने का प्रावधान करने वाले तीन विधेयकों की समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त समिति का गठन किया गया है। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी इस समिति की अध्यक्ष होंगी। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, समिति में कुल 31 सदस्य होंगे— 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सदस्य राज्यसभा से। समिति में शामिल प्रमुख नामों में अपराजिता सारंगी, रविशंकर प्रसाद, सुप्रिया सुले, असदुद्दीन ओवैसी, अनुराग ठाकुर, विष्णु दयाल राम, हरसिमरत कौर बादल, बृजलाल, उज्जवल निकम और सुधा मूर्ति शामिल हैं।



खास बात यह है कि विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस ने इस समिति से दूरी बनाए रखने का निर्णय लिया है, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले को इसमें शामिल किया गया है।

# आरक्षण से मिली शिंदे को संजीवनी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



**62 पूर्व महिला नगरसेवकों के वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित**

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए घोषित आरक्षण सूची शिवसेना (शिंदे) गुट के लिए वरदान साबित हो रही है। महिला आरक्षण से जहां भाजपा और शिवसेना (उद्धव) को नुकसान हुआ है, वहीं शिंदे गुट को इसका सीधा राजनीतिक फायदा मिलने की संभावना है। फिलहाल शिंदे गुट के पास 128 पूर्व नगरसेवक हैं, जिनमें से 62 महिलाएं हैं। इस कारण महिला आरक्षण वाले वार्डों में उनकी स्थिति मजबूत बनी हुई है, जबकि भाजपा और उद्धव गुट के कई वरिष्ठ नेताओं को अपने पारंपरिक वार्ड छोड़ने पड़े हैं।

### महिला नगरसेविकाओं से मजबूत हुआ शिंदे गुट

मुंबई के 227 में से 114 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें से कई वार्ड शिवसेना (शिंदे) गुट की महिला नेताओं के पास हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के आरक्षण में भी शिंदे गुट को बढ़त मिली है। वार्ड क्रमांक 53 से रेखा रामवंशी, वार्ड 121 से चंद्रावती मोरे, वार्ड 146 और 147 में भी शिंदे समर्थक महिला नगरसेविकाएं सक्रिय हैं। ओबीसी आरक्षित वार्डों में रिद्धी खुरसंगे, गीता सिंघल, संध्या दोशी, सुवर्णा कारंजे और अश्विनी हांडे जैसी महिला नेता शिंदे गुट की ओर से प्रभावशाली दावेदार हैं। आरक्षण की लॉटरी से उद्धव गुट और भाजपा दोनों को नुकसान हुआ है। उद्धव गुट के कई मौजूदा नगरसेवकों के वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हो गए हैं, जिससे उन्हें चुनावी रणनीति बदलनी पड़ेगी। सामान्य वर्ग में महिलाओं के लिए बढ़े आरक्षण ने भी सात पूर्व नगरसेवकों की स्थिति प्रभावित की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महिला आरक्षण और राज्य सरकार की 'लाडली बहन योजना' जैसी पहलें मिलकर शिवसेना (शिंदे) गुट को बीएमसी में सत्ता की ओर बढ़त दिला सकती हैं।

**कोर्ट** | याचिका में केंद्र से गाइडलाइंस बनाने की मांग

# पीरियड्स में महिलाओं की गरिमा पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**हरियाणा की यूनिवर्सिटी में महिला स्टाफ से सबूत मांगे थे**

एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा बघेल के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर कहा है कि देश के कई हिस्सों में महिलाओं के पीरियड्स के समय उनकी गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और प्राइवेसी का उल्लंघन हो रहा है। याचिका में हरियाणा की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (MDU) में 4 महिला कर्मचारियों से पीरियड्स का सबूत मांगने वाली समेत यूपी, महाराष्ट्र और गुजरात की घटना का जिक्र किया गया है।



SCBA ने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि हरियाणा की घटना की जांच कराई जाए। साथ ही सरकार पूरे देश के लिए गाइडलाइन बनाई जाएं। इनमें यह तय किया जाए कि पीरियड्स के दौरान महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कैसे की जाए, कामकाजी महिलाओं को क्या सुविधाएं मिलें, शिकायतें कहां करें और इन मामलों की निगरानी कौन करे।

### स्कूल-कॉलेज, ऑफिसों में महिलाओं से बुरा व्यवहार

याचिका में कहा गया है कि स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी दफ्तरों में कई बार छात्राओं-महिलाओं के साथ उनके पीरियड्स के समय बुरा व्यवहार किया जाता है। इससे उनके सम्मान और निजता के हक, जो संविधान ने दिया है, उसका हनन होता है। ऐसे मामले संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं, जो हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन और प्राइवेसी का अधिकार देता है। इसमें यह भी बताया गया है कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को भी साफ-सुथरा और सुरक्षित माहौल नहीं दिया जाता।

### यूपी, गुजरात और महाराष्ट्र की घटनाओं का जिक्र

याचिका में 2017 का एक मामला दिया गया है, जो उत्तर प्रदेश का है। वहां करीब 70 लड़कियों को उनके पीरियड्स की जांच के बहाने कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया था। इसके अलावा गुजरात (2020) और महाराष्ट्र (2025) की घटनाओं का भी जिक्र है। इन मामलों में छात्राओं को अपमानजनक तरीके से अपने कपड़े उतारने को कहा गया और पीरियड्स के सबूत दिखाकर उनकी जांच की गई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 9 लाख रुपए की बिजली चोरी का पर्दाफाश

**भिवंडी।** टोरेंट पावर कंपनी के मिनी सेक्शन पिलर से अवैध रूप से डायरेक्ट कनेक्शन लेकर बिजली चोरी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, धामनकर नाका क्षेत्र के पटेल कंपाउंड में रहने वाले सूफी इलियास सोलंकी, केदार सोलंकी और परवेज सैयद ने अपने निजी आर्थिक लाभ के लिए टोरेंट के मिनी सेक्शन पिलर से 2-कोर काले केबल द्वारा डायरेक्ट कनेक्शन जोड़ा था। 26 सितंबर 2024 से 25 सितंबर 2025 तक इन तीनों ने बिना मीटर के करीब 9 लाख 49 हजार 273 रुपए की बिजली चोरी की। इस प्रकरण में टोरेंट कंपनी की कार्यकारी कर्मचारी मोनिका कुंभारे की शिकायत पर 11 नवंबर को शांतिनगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### खाद्यपदार्थ विक्रेताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**भिवंडी।** भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका के दिनदयाल जन आजीविका शहरी योजना (समाज कल्याण विभाग) के अंतर्गत प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत खाद्यपदार्थ विक्रेताओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सड़क किनारे खाद्य वस्तुएं बेचने वाले विक्रेताओं में व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन विलासराव देशमुख सभागृह में नासवी संस्था के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर भिवंडी महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने प्रमुख अतिथि के रूप में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हर खाद्य विक्रेता का दायित्व है कि वह स्वच्छता और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने बताया कि जहां भोजन तैयार या बेचा जा रहा है, वहां की साफ-सफाई, स्वच्छ पानी, अच्छे बर्तन और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग आवश्यक है। इसी के माध्यम से एक सफल और स्वस्थ व्यवसाय संभव है।

### नांदेड–हडपसर के बीच विशेष रेल सेवा की घोषणा

**लातूर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नांदेड और हडपसर के बीच विशेष साप्ताहिक गाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 07607 नांदेड से 18 और 25 नवंबर 2025 को मंगलवार के दिन सुबह 08:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 21:40 बजे हडपसर पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 07608 हडपसर से 18 और 25 नवंबर 2025 को रात 22:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 12:15 बजे नांदेड पहुंचेगी। इन गाड़ियों का मार्ग पूरना, परभणी, गंगाखेड़, परली वैजनाथ, लातूर रोड, लातूर, धाराशिव, बार्शी टाउन, कुर्दुवाडी और दौंड स्टेशनों से होकर तय किया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। इनमें 1 प्रथम वातानुकूलित (First AC), 2 द्वितीय वातानुकूलित (AC-II Tier), 6 तृतीय वातानुकूलित (AC-III Tier), 1 वातानुकूलित हॉट बुफे कार, 6 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 लगेज–कुम ब्रेक वैन शामिल होंगे। रेलवे प्रशासन का कहना है कि त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह विशेष ट्रेन सेवा अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर

**सोलापुर।** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल द्वारा अपने सभी पेंशनधारकों और पारिवारिक पेंशनधारकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पेंशनधारक को बिना किसी परेशानी के, सरल और निःशुल्क रूप में उनका जीवन प्रमाण पत्र समय पर प्राप्त हो सके, जिससे पेंशन वितरण में कोई बाधा न आए। शिविर 17 से 25 नवंबर 2025 तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

# राज्य में सर्वोतम स्वास्थ केंद्र होगा ठाणे सिविल

**▶▶ स्वास्थ्य मंत्री आबितकर ने किया दौरा**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के जन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने कहा कि अस्पताल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि यह मानवता और करुणा का प्रतीक है। ठाणे का नया जिला सरकारी अस्पताल आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा की किरण साबित होगा। मंत्री अबितकर ने बुधवार को ठाणे में इस अस्पताल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।



### शिक्षा और प्रशिक्षण पर भी रहेगा जोर

नए अस्पताल में एएनएम/जीएनएम नर्सिंग कोर्स के साथ बीएससी नर्सिंग कॉलेज शुरू करने की योजना है। भविष्य में यहां एक मेडिकल कॉलेज भी शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री अबितकर ने कहा कि यह अस्पताल महाराष्ट्र का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बनेगा और राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाई तय करेगा।

### 87 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा, 900 बिस्तरों की होगी क्षमता

अस्पताल का निर्माण 92,539 वर्ग मीटर क्षेत्र में हो रहा है। अब तक 87 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह 900 बिस्तरों की क्षमता वाला विशाल परिसर होगा, जिसमें 500 बिस्तरों का सामान्य अस्पताल, 200 बिस्तरों वाला महिला–बाल अस्पताल और 200 बिस्तरों वाला रेफरल सेवा अस्पताल शामिल है। इसके अलावा अस्पताल में हेलीपैड, नर्स प्रशिक्षण केंद्र, छात्रावास, पार्किंग और अत्याधुनिक आईसीयू की सुविधाएं भी रहेंगी।

### आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए नवजात शिशु आईसीयू, एनआईसीयू और एसएनसीयू जैसी आधुनिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। अस्पताल में कार्डियोलॉजी के लिए कैथलैब, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, डायलिसिस, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी जैसी सुविधाएं भी मौजूद रहेंगी। बच्चों के लिए अलग डायलिसिस यूनिट भी उपलब्ध होगी।

### शिंदे की महत्वाकांक्षी परियोजना को तेजी से पूरा करने के निर्देश

उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे की यह महत्वाकांक्षी परियोजना है। मंत्री अबितकर ने लोक निर्माण विभाग, बिजली वितरण कंपनी और स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल के शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लंबित प्रस्तावों पर सरकारी स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर अस्पताल को जल्द से जल्द जनता की सेवा में समर्पित किया जाएगा। निरीक्षण दौरे के दौरान विभागीय अधिकारी और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### ठाणे और आसपास के जिलों को मिलेगा लाभ

ठाणे जिला मुंबई और उसके उपनगरों से जुड़ा हुआ है, और कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग यहां से गुजरते हैं। अस्पताल के शुरू होने से ठाणे, पालघर, रायगढ़ समेत गुजरात सीमा से सटे इलाकों के मरीजों को तत्काल और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।

# मुंबई भाजपा में पवन त्रिपाठी बने नए महासचिव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई भाजपा के नए महासचिव आचार्य पवन त्रिपाठी होंगे। वर्तमान में वे सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हैं। आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने उत्तर भारतीय समाज से जुड़े त्रिपाठी को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। त्रिपाठी इससे पहले मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष थे और अध्यक्ष अमित साटम के करीबी माने जाते हैं। इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता श्वेता परुलकर, पूर्व नगरसेवक गणेश खणकर और राजेश शिरवडकर को भी महासचिव बनाया गया है। शिरवडकर दक्षिण मध्य मुंबई के पूर्व जिला अध्यक्ष हैं, जबकि खणकर उत्तर मुंबई से हैं।



### कार्यकारिणी गठन में अब भी देरी

मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम को 25 अगस्त को पदभार सौंपा गया था। उस समय उन्होंने आश्वासन दिया था कि नवरात्रि तक नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। इसी बीच साटम ने चार नए महासचिवों की नियुक्ति की है। वहीं, प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी भी घोषित नहीं हुई है। माना जा रहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद ही प्रदेश और मुंबई भाजपा की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# महाराष्ट्र एटीएस की मुंब्रा और कुर्ला में छापेमारी

डीबीडी संवाददाता | ठाणे/मुंबई

महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने बुधवार को ठाणे जिले के मुंब्रा के कौसा इलाके और मुंबई के कुर्ला में छापेमारी कर कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, स्टोरेज ड्राइव और डिजिटल सामग्री जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद वस्तुओं को फॉरेंसिक और तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई भी डेटा या संचार आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा तो नहीं है।




### उर्दू प्रशिक्षक हिरासत में, पूछताछ जारी

छापेमारी के दौरान एटीएस ने उर्दू भाषा के प्रशिक्षक इब्राहिम आबिदी को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के अनुसार, आबिदी मुंब्रा के कौसा इलाके में किराए के मकान में रहता था और हर रविवार कुर्ला की एक मस्जिद में उर्दू कक्षाएं लेता था। जांच एजेंसी को संदेह है कि वह कट्टरपंथी विचारधारा या भड़काऊ सामग्री के माध्यम से युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा था। इस दिशा में पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण जारी है। एटीएस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई हाल ही में पुणे से गिरफ्तार सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुबैर इलियास से जुड़ी जांच का हिस्सा हो सकती है, जिसे अल–कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) से कथित संबंधों के आरोप में पकड़ा गया था। जांच में सामने आया है कि कुर्ला की उसी मस्जिद से पाकिस्तान को फोन कॉल किए गए थे, जहां इब्राहिम आबिदी कक्षाएं लेता था। फिलहाल एटीएस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दोनों मामलों के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं।

# NSUI का राज्यव्यापी अभियान ‘नौकरी दो, नहीं तो भत्ता दो’

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भाजपा-महायुति सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ गया है और सरकारी भर्तियाँ लगभग ठप हो गई हैं। चुनावों के दौरान युवाओं से नौकरी, छात्रवृत्ति और रोजगार के अनेक वादे करने के बावजूद सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। युवाओं के साथ इस विश्वासघात के विरोध में NSUI ने आक्रामक रुख अपनाते हुए "नौकरी दो, नहीं तो भत्ता दो, वरना इस्तीफा दो" अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह आंदोलन पूरे महाराष्ट्र में चलाया जाएगा।

### तिलक भवन में पत्रकार परिषद में की गई घोषणा




इस अभियान की जानकारी मुंबई के तिलक भवन में आयोजित पत्रकार परिषद के दौरान दी गई। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता सतेज पाटिल, सहप्रभारी बी.एम. संदीप, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमित देशमुख, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य नसीम खान, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष माणिकराव ठाकरे और NSUI प्रदेशाध्यक्ष सागर सालुंके उपस्थित थे।

### युवाओं से जुड़ने की अपील

सपकाल ने कहा कि नौकरी और रोजगार का मुद्दा सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि देश के हर युवा का है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करें, ताकि सरकार को जवाब देने पर मजबूर किया जा सके।

### भाजपा पर लगाया रोजगार चोर होने का आरोप

प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरियाँ देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद न केवल उन्होंने वादा तोड़ा, बल्कि 18 करोड़ नौकरियाँ खत्म कर दीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने युवाओं को छलकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। यह सिर्फ वोट चोर सरकार नहीं, बल्कि "रोजगार चोर सरकार" भी है।

### NSUI ने भाजपा सरकार से मांगा जवाब

NSUI प्रदेशाध्यक्ष सागर सालुंके ने कहा कि भाजपा ने चुनावों के दौरान 10 हजार रुपए मासिक बेरोजगारी भत्ता, अप्रेंटिसशिप और नई नौकरियों का वादा किया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। छात्रों को छात्रवृत्तियाँ नहीं मिल रहीं और उच्च शिक्षित युवा घर बैठे हैं। इसलिए NSUI राज्यभर आंदोलन चलाकर भाजपा सरकार से जवाब मांगेगी और बेरोजगार युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।


# नवघर पुलिस क्षेत्र में मिले दो अज्ञात शव

**▶▶ पहचान की कोशिश जारी**

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मिरा-भाईंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले नवघर पुलिस थाने क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से दो अज्ञात व्यक्तियों के शव बरामद हुए हैं, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। दोनों ही मामलों में मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है और पुलिस उनकी पहचान व मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### पहली घटना: नवघर परिसर में मिला युवक का शव



पहली घटना 21 अप्रैल को हुई, जब नवघर परिसर में एक युवक अचेत अवस्था में मिला। पुलिस उपनिरीक्षक सचिन उबळे ने बताया कि युवक को तत्काल एमजीएम अस्पताल, कांदिवली (पूर्व) ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। वह 5 फीट 6 इंच लंबा, गोरी रंगत, गठीला शरीर और छोटे बालों वाला था। उसने नीली टी–शर्ट और जीन्स पहनी हुई थी। फिलहाल शव को एमजीएम अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है।

### दूसरी घटना: झाड़ियों में मिला वृद्ध व्यक्ति का शव



दूसरी घटना में नवघर पुलिस को झाड़ियों में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिला। पुलिस उपनिरीक्षक सचिन उगले के अनुसार, इस मामले में एनसी क्रमांक 144/2024 दर्ज की गई है। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष थी। व्यक्ति को टेंगा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया। वृद्ध व्यक्ति ने केवल पैंट पहनी हुई थी और उसका चेहरा दुबला–पतला बताया गया है।

### पुलिस ने की अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इन दोनों व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत नवघर पुलिस थाने (022–28044573) से संपर्क करें। जांच उपनिरीक्षक सचिन उबळे और सचिन उगले के मार्गदर्शन में जारी है।

# ठाणे आरटीओ ने किया निःशुल्क आरओ शुद्ध जल आपूर्ति केंद्र की स्थापना

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

आपदा के समय सरकारी मदद पहुँचती है, लेकिन जब सहायता दिल से दी जाती है, तो वह मानवता का उत्सव बन जाती है। इसी भावना को साकार करते हुए ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ ठाणे) ने सोलापुर ज़िले के तांदुलवाड़ी गाँव में एक निःशुल्क आरओ पेयजल संयंत्र स्थापित किया है। यह विचार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मन में आया, जिन्होंने अपने सहयोगियों से सामाजिक भावना के तहत आर्थिक सहयोग का आह्वान किया। उनकी इस अपील पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कार्यालय के अधिकारियों, निरीक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर निधि एकत्र की। शुरुआत में राहत किट देने की योजना थी, लेकिन जब स्थानीय स्तर पर स्वच्छ जल की कमी का पता चला, तो टीम ने आरओ वाटर फ़िल्टर प्लांट लगाने का निर्णय लिया।

### तांदुलवाड़ी गाँव में जीवनदायी बदलाव




ठाणे आरटीओ के सौजन्य से स्थापित यह आरओ संयंत्र मंगलवार को हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में आरटीओ कर्मचारी विकास पर्वत द्वारा उद्घाटित किया गया। 12 नवंबर से लगभग दो हज़ार की आबादी वाले तांदुलवाड़ी (तालुका माधा, जिला सोलापुर) गाँव के लोग डिजिटल कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस योगदान को भावुक होकर "मानवता का उपहार" बताया। उन्होंने कहा, "सरकार ने हमें किट दिए, लेकिन ठाणे आरटीओ ने हमारी ज़िंदगी आसान बना दी।" इस पहल की हर जगह सराहना हो रही है, क्योंकि यह सिर्फ़ एक आरओ प्लांट नहीं बल्कि "मानवता के लिए जल स्रोत" के रूप में उभर रहा है। इस कार्य में उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर सहित सभी सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मोटरयान निरीक्षक और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# राम भरोसे वालधूनी पुल, ग्रिल टूटी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर-3 स्थित सीएचएम कॉलेज से उल्हासनगर रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वालधूनी नदी पर बने पुल की सुरक्षा व्यवस्था बेहद लचर हो चुकी है। इस पुल से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन सुरक्षा रेलिंग अधूरी होने के कारण यह मार्ग विशेष रूप से नेत्र दिव्यांगों के लिए जोखिमभरा बन गया है। पुल पर वाहनों की भीड़ और रेलिंग की खराब स्थिति ने राहगीरों की चिंता बढ़ा दी है।

### दिव्यांगों ने की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था की मांग

उल्हासनगर मनपा की सर्व शिक्षा अभियान प्रमुख एवं समन्वयक संगीता विकास लहाने ने बताया कि यह पुल दिव्यांगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। हर बुधवार को ठाणे जिले के विभिन्न इलाकों से सैकड़ों दिव्यांग नागरिक प्रमाण पत्र के लिए मध्यवर्ती अस्पताल आते हैं। उल्हासनगर में करीब 20 हजार से अधिक दिव्यांग लोग मनपा कार्यालय और अन्य सरकारी कार्यों के लिए आते हैं, जिन्हें इस पुल से होकर गुजरना पड़ता है।



### मनपा से सुरक्षा जांच की मांग

इस घटना के बाद लहाने ने उल्हासनगर मनपा प्रशासन से मांग की है कि वालधूनी पुल की तुरंत जांच कर उसकी मरम्मत और सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाएं। वहीं, मनपा के सार्वजनिक बांधकाम विभाग के कार्यकारी अभियंता निलेश सिरसाठ ने कहा है कि पुल की स्थिति की जांच कर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रेलिंग की ऊंचाई और टूट-फूट से बढ़ा हादसे का खतरा

लहाने ने बताया कि पुल की रेलिंग की ऊंचाई मात्र तीन फुट है, जिससे गिरने की आशंका बनी रहती है। रेलिंग की ऊंचाई को कम से कम पांच फुट तक बढ़ाने की जरूरत है। लोहे की बनी रेलिंग कई जगहों से टूटी हुई है और कुछ हिस्सों में अधूरी भी है। हाल ही में एक नेत्र दिव्यांग व्यक्ति पुल से नीचे गिरते–गिरते बच गया, जब एक सतर्क महिला ने समय रहते शोर मचाकर उसकी जान बचा ली।

# सड़कों का अतिरिक्त आयुक्त ने किया निरीक्षण




उल्हासनगर। उल्हासनगर की सड़कें इन दिनों बेहद खराब हालत में हैं। जगह-जगह बने गड्ढों के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों की जान को खतरा बना हुआ है। हालांकि उल्हासनगर महानगरपालिका ने कुछ गड्ढों को भरने का काम किया है, लेकिन शहर के कई प्रमुख मार्गों पर अब भी अनगिनत गड्ढे बने हुए हैं। मनपा के अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण ने स्वयं शहर की कई सड़कों का निरीक्षण किया, जिनमें कैलाश कॉलोनी चौक से लालचक्की चौक, मच्छी मार्केट से तहसीलदार कार्यालय, प्रभात गार्डन रोड और दूधनाका चौक जैसी मुख्य सड़कें शामिल हैं। निरीक्षण के बाद मनपा ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इन सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। वहीं, नागरिकों ने गड्ढे भरने के कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं, उनका कहना है कि मनपा द्वारा कराया गया यह काम टिकाऊ नहीं होता और कुछ ही महीनों में सड़कों पर फिर से गड्ढे बन जाते हैं।

# साइबर क्राइम मामले में सीबीआई की कार्रवाई

**मुंबई।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने मुंबई के एक निजी बैंक के मैनेजर को डिजिटल अरेस्ट साइबर क्राइम से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपी बैंक अधिकारी ने साइबर अपराधियों के साथ मिलकर फर्जी खातों (म्यूल अकाउंट्स) की मंजूरी दी थी और इसके बदले अवैध रिश्वत ली थी।सीबीआई के मुताबिक, बैंक मैनेजर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई संदिग्ध खातों को स्वीकृति दी। इन खातों का उपयोग बाद में डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड जैसी ठगी में किया गया, जहां अपराधियों ने पीड़ितों से ठगे गए धन को छिपाने और आगे ट्रांसफर करने के लिए इन्हें इस्तेमाल किया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया है। बैंक अधिकारी को मुंबई की एक अदालत में पेश किया गया, जहां उसे आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजा गया। एजेंसी ने बताया कि दो साइबर अपराधी, जिन्होंने बैंक मैनेजर को रिश्वत दी थी, उन्हें भी एफआईआर में नामजद किया गया है। सीबीआई इन दोनों को पहले ही डिजिटल अरेस्ट साइबर फ्रॉड के एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह कोई अलग घटना नहीं, बल्कि एक संगठित साइबर नेटवर्क का हिस्सा है जो बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग कर ठगी के पैसों को घुमाने का काम करता है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा का शुभारंभ



**भिवंडी।** भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका के वैद्यकीय आरोग्य विभाग द्वारा नागरिकों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से "लैंडमार्क केयरर्स" के सहयोग से "मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU)" सेवा की शुरुआत की गई। इस पहल का उद्घाटन महानगरपालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में किया गया। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ. संदीप गाड़ेकर, लैंडमार्क ग्रुप के वैभव सावंत और संदीप क्रुणे, पिरामल हेल्थ के प्रमोद खरात, नीरजा बांकार, गणेश घुले और शैलेश अनाभावे उपस्थित रहे। डॉ. संदीप गाड़ेकर ने बताया कि मोबाइल यूनिट भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र के 22 स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी। प्रत्येक यूनिट में एक एमबीबीएस डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य शिक्षक और वाहन चालक तैनात रहेंगे। यह यूनिट नागरिकों को बुखार, सर्दी–जुकाम, श्वसन रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा देगी। साथ ही, जरूरत पड़ने पर गंभीर रोगियों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर किया जाएगा। आयुक्त अनमोल सागर ने कहा कि भिवंडी के नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

# तुलजापुर ड्रग्स केस को लेकर सियासी महाभारत

- भाजपा ने शरद पवार गुट की आलोचना की
- भाजपा दे रही है नशा कारोबारियों को संरक्षण: सुप्रिया सुले



देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

राज्य में राजनीतिक माहौल एक बार फिर गरमा गया है। तुळजापुर ड्रग्स तस्करी मामले को लेकर शरद पवार गुट और भाजपा के बीच तीखा वाकयुद्ध छिड़ गया है। भाजपा के मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन ने बुधवार को पलटवार करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ड्रग्स मुद्दे को राजनीतिक रंग देकर सरकार की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है।

### सुप्रिया सुळे के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

एनसीपी सांसद सुप्रिया सुळे ने हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि ड्रग्स तस्करी को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई। इसके जवाब में नवनाथ बन ने आरोपी के पुराने राजनीतिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि जब तक वह व्यक्ति शरद पवार गुट में था, तब तक वह निर्दोष था, लेकिन भाजपा में आते ही अचानक 'दोषी' बन गया! यही दोहरा चरित्र है।

### 'कानून सबके लिए समान'

प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नवनाथ बन ने कहा कि सुप्रिया सुळे का सिद्धांत साफ दिखता है कि 'अपना आदमी तो बेकसूर, दूसरों का दोषी!' ड्रग्स मामले में जो भी दोषी होगा, भाजपा किसी का भी पक्ष नहीं लेगी। कानून अपना काम करेगा और दोषियों को सज़ा मिलेगी।

### क्या है मामला?

धाराशिव जिले की पुलिस ने इस वर्ष 14 फरवरी को सोलापुर-तुलजापुर रोड स्थित तमालवाड़ी जांच चौकी पर 2.5 लाख रुपये मूल्य की मेफेड्रोन नामक नशीली दवा जब्त की थी। यह मादक पदार्थ तुलजापुर ले जाया जा रहा था, जो देवी तुलजा भवानी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इस मामले में पुलिस ने कम से कम 14 लोगों को गिरफ्तार किया था। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा ने मंगलवार को स्थानीय विधायक राणा जगजीत सिंह पाटिल की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस मामले के कुछ आरोपियों को पार्टी में शामिल किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले सहित महाराष्ट्र के विपक्षी दलों के नेताओं ने तुलजापुर मादक पदार्थ मामले के कुछ आरोपियों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा। विपक्ष ने सवाल उठाया है कि ऐसे व्यक्तियों को सत्ता पक्ष की ओर से संरक्षण क्यों दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने भी इस मामले में भाजपा पर निशाना साधा था और सत्तारूढ़ भगवा पार्टी पर माफिया प्रवृत्ति के लोगों के लिए रास्ता बनाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले विधानसभा में नासिक के एक माफिया पर आरोप लगाया था। लेकिन उसके बाद उसे अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। भाजपा खुद को अलग पार्टी कहती है। लेकिन अब उसके अपने ही लोग यह बयान दे रहे हैं कि उनकी पार्टी में भ्रष्ट लोगों को वॉशिंग मशीन में धोया जा रहा है।

# निकाय चुनाव पूर्व सियासी उलटफेर

## शरद पवार गुट के पूर्व जिला परिषद सदस्य दत्तात्रेय वारे सहित कई सरपंच और उपसरपंच भाजपा में शामिल

### करजत-जामखेड व कराड उत्तर के कार्यकर्ताओं ने भी थामा भाजपा का दामन

मुंबई। अहिल्यानगर जिले के करजत-जामखेड तालुका के पूर्व जिला परिषद सदस्य और शरद पवार गुट के वरिष्ठ नेता दत्तात्रय वारे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में प्रवेश किया। उनके साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सरपंच, पूर्व सरपंच, बाजार समिति के संचालक और कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। कराड उत्तर के कई कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी का स्वागत किया। पार्टी प्रवेश समारोह में विधान परिषद सभापति प्रा. राम शिंदे, विधायक मनोज घोरपडे, वरिष्ठ नेता सुनील करजतकर, अंबादास पिसाळ, अनिल गजाबे, प्रवीण घुले, काकासाहेब तापकीर, राजेंद्र गोंडस, संतोष मेहेत्रे और भाजपा मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।




### नए कार्यकर्ताओं से भाजपा को मिलेगा बल: प्रा. राम शिंदे

विधान परिषद सभापति प्रा. राम शिंदे ने कहा कि समाजसेवा का गहरा अनुभव रखने वाले कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया है, जिससे पार्टी को नई ताकत मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी को साथ लेकर क्षेत्र के लंबित कार्य पूरे किए जाएंगे और आने वाले चुनावों में भाजपा को बड़ी सफलता मिलेगी।

### भाजपा को सशक्त बनाना ही उद्देश्य: रविंद्र चव्हाण

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास दृष्टि और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में देश और राज्य नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। देश को सशक्त बनाने के लिए भाजपा का मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए साथियों ने जिस विश्वास से भाजपा में प्रवेश किया है, उस विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।

### भाजपा ही विकास का रास्ता: दत्तात्रय वारे

दत्तात्रय वारे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि विकास की राजनीति से प्रेरित होकर वे और उनके साथी भाजपा में शामिल हुए हैं। वारे ने शरद पवार गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रवादी पार्टी अब पवार परिवार की निजी कंपनी बन गई है, जिसका समाजसेवा से कोई लेना-देना नहीं है।

## ढाई घंटे तक प्रभावित रही उपनगरीय लोकल ट्रेन की आवाजाही



मुंबई। बेलापुर-उरण मार्ग पर उपनगरीय लोकल ट्रेन की आवाजाही बुधवार को लगभग ढाई घंटे तक प्रभावित रही। यह परेशानी रेलवे ट्रैक के पास स्थित पेट्रोलियम पाइपलाइन में रिसाव होने के कारण हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि खरकोपर और उरण के बीच ट्रेन सेवाएं 1:10 बजे से 4:45 बजे तक रोकी गईं, क्योंकि ओवरहेड वायर को बिजली आपूर्ति से अलग कर दिया गया था। प्रवक्ता ने बताया, बेलापुर-उरण उपनगरीय मार्ग और इसके बगल की माल लाइन की ओवरहेड वायर को सावधानी के तौर पर बंद कर दिया गया, क्योंकि पाइपलाइन से पेट्रोलियम उत्पाद का रिसाव हुआ था।

# संगमेश्वर में बनेगा छत्रपति संभाजी महाराज का भव्य स्मारक

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा रत्नागिरी जिले के संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज का भव्य स्मारक बनाने की घोषणा के बाद परियोजना का पहला संकल्प चित्र सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित स्मारक 5 एकड़ भूमि पर निर्मित होगा, जबकि पार्किंग और अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त 2 एकड़ भूमि सरकार ने आरक्षित की है। पूर्व विधायक प्रमोद जठार ने यह मांग की थी कि स्मारक को चरणबद्ध तरीके से विकसित कर उसे "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" की तर्ज पर और भी भव्य बनाया जाए।

### बैठक में परियोजना की रूपरेखा पर हुई चर्चा



मंत्री आशीष शेलार के दालन में हुई बैठक में जठार की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री शेलार ने परियोजना के पहले चरण में संकल्प चित्र के अनुसार मुख्य स्मारक के कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सुझाव दिया कि जठार द्वारा प्रस्तावित पर्यटक सुविधाओं, सेवाओं और विकास योजनाओं का विस्तृत अध्ययन कर एक समग्र रिपोर्ट तैयार की जाए।

## ताज लैंड्स एंड होटल के कर्मचारियों ने थामा भाजपा समर्थित यूनियन का हाथ



डीबीडी संवाददाता । मुंबई


मुंबई के बांद्रा पश्चिम स्थित पंचतारा ताज लैंड्स एंड होटल के सभी कर्मचारियों ने भाजपा समर्थित अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर होटल परिसर में संघ के बोर्ड का अनावरण किया गया और एक गेट मीटिंग का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ के महासचिव सुहास माटे, कार्याध्यक्ष जितेंद्र राउत, संयुक्त महासचिव योगेश आवळे, उपाध्यक्ष साई घोगळे और यूनिट पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीमार पति की कानूनी अभिभावक बनी पत्नी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश में पत्नी प्रीति सहोता को उनके बीमार पति अशित विक्रम भाई दलाल की कानूनी अभिभावक नियुक्त किया है। अदालत ने यह फैसला चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की 12 सितंबर 2025 की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दिया। न्यायमूर्ति आर.आई. चागला और न्यायमूर्ति फरहान पी. दुबाश की खंडपीठ ने कहा कि अब प्रीति सहोता अपने पति की चल-अचल संपत्तियों का प्रबंधन करेंगी। अदालत ने सभी संबंधित प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि वे प्रीति को पति के कानूनी अभिभावक के रूप में मान्यता दें और उन्हें उनके बैंक खातों का संचालन करने या नए खाते खोलने की अनुमति दें।

### संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत का विशेष अधिकार



पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इस निर्णय के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अदालत ने अपने असाधारण क्षेत्राधिकार का प्रयोग किया है। अदालत ने कई पूर्व न्यायिक उदाहरणों और देश में बीमार व्यक्तियों के कल्याण से जुड़े प्रासंगिक कानूनों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने माना कि ऐसे मामलों में जीवनसाथी को कानूनी अभिभावक का अधिकार दिया जाना न केवल व्यावहारिक है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी आवश्यक है।

### प्रीति सहोता की याचिका पर आया फैसला

प्रीति सहोता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपने पति के उपचार, वित्तीय मामलों, संपत्तियों और व्यक्तिगत कल्याण से संबंधित निर्णयों में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार मांगा था। वह वर्तमान में दुबई में अपने दो बच्चों के साथ रहती हैं, जबकि उनके माता-पिता चंडीगढ़ में रहकर उनके पति की देखभाल कर रहे हैं। अशित दलाल (67) पिछले कई महीनों से दाहिने थैलेमस और ब्रेन स्टेम में हुए रक्तस्राव से पीड़ित हैं, जिससे उन्हें लकवा मार गया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | निविदा क्रमांकः 2025_MCGM_1243367 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | खान बहादुर भाभा रुग्णालय, कुरला (पश्चिम) में जी+7 और जी+1 इमारत के आर.सी.सी. रैम्प के ध्वस्तीकरण हेतु स्थल साफ़ करने का कार्य। |
| निविदा परीक्षण शुल्क | 1,452/- + 18% जी.एस.टी. |
| बिड सिक्योरिटी डिपॉजिट / ई.एम.डी. | 7,000/- |
| निविदा जारी करने व बिक्री की दिनांक | 13.11.2025 दोपहर 15.00 बजे से |
| निविदा बिक्री व बिड सिक्योरिटी डिपॉजिट प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | 21.11.2025 दोपहर 15.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| पैकेट 'A' का उघाटन | 24.11.2025 दोपहर 15.00 बजे के बाद |
| पैकेट 'B' का उघाटन | 24.11.2025 दोपहर 15.10 बजे के बाद |
| पैकेट 'C' का उघाटन | 27.11.2025 दोपहर 15.00 बजे के बाद |
| पत्राचार हेतु पता | चिकित्सा अधीक्षक का कार्यालय, बृहन्मुंबई महानगरपालिका, खान बहादुर भाभा रुग्णालय, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई – 400070 |
| निविदा खोलने का स्थान | चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में ऑनलाईन |

हस्ता/-
चिकित्सा अधीक्षक
खान बहादुर भाभा रुग्णालय, कुर्ला (पश्चिम)

पीआरओ/2192/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# नगरपालिका चुनाव में महायुति के दलों से कोई गठबंधन नहीं : कांग्रेस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपने रुख को स्पष्ट किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि पार्टी की विचारधारा सर्वोपरि है और सत्ता के लिए किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन और समान विचारधारा वाले दलों से चर्चा जारी है, लेकिन भाजपा-शिवसेना (महायुती) के किसी भी घटक दल के साथ गठबंधन नहीं किया जाएगा। कांग्रेस का मुख्य ध्यान अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने और संगठन को मजबूत करने पर केंद्रित है।




### गठबंधन चर्चाओं पर सपकाल का स्पष्ट रुख

पत्रकारों से बातचीत में सपकाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों और अन्य किसान संगठनों से चर्चा चल रही है। वामनराव चटप, राजू शेट्टी और महादेव जानकर जैसे नेताओं की पार्टियों से संवाद जारी है, जबकि कुछ जिलों में वंचित बहुजन आघाडी से गठबंधन हो चुका है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से गठबंधन का कोई प्रस्ताव नहीं आया है। मुंबई महानगरपालिका चुनावों को लेकर भी उन्होंने कहा कि आरक्षण घोषित हुआ है, और चुनाव की घोषणा के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### राज्य चुनाव समिति की बैठक में रणनीति पर चर्चा

मुंबई के दादर स्थित तिलक भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सपकाल की अध्यक्षता में पार्टी की राज्य चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार, सतेज पाटिल, नसीम खान, राजनीताई पाटिल, नाना पटोले, चंद्रकांत हंडोरे, अमित देशमुख, विश्वजीत कदम और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। सपकाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और जिलों में समीक्षा बैठकें चल रही हैं। टिकट वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सर्वसमावेशी बनाया जाएगा ताकि कार्यकर्ताओं को उचित अवसर मिले।

### नामांकन प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस की मांग

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि नगरपालिका और नगर पंचायत चुनावों के नामांकन फॉर्म को सरल बनाया जाए। सपकाल ने कहा कि वर्तमान में 25 पृष्ठों का ऑनलाइन फॉर्म कई तकनीकी बाधाओं के कारण उम्मीदवारों के लिए कठिन साबित हो रहा है। इसलिए विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तरह उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन भरने की सुविधा दी जानी चाहिए।

### भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप और कानून-व्यवस्था पर सवाल

सपकाल ने पार्थ पवार मामले में सरकार की निष्क्रियता पर तीखा प्रहार किया और कहा कि "ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा" का नारा देने वाली भाजपा अब "तुम भी खाओ, हम भी खाते हैं" की नीति पर चल रही है।
उन्होंने कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भाजपा में ड्रग्स, मटका और लैंड माफिया को शामिल किया जा रहा है। तुलजापुर ड्रग्स केस के आरोपी को पार्टी में जगह देना और बाबा सिद्दीकी की हत्या का अब तक न सुलझना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। कांग्रेस ने इसे "गुंडागर्दी को राजनीतिक संरक्षण देने वाली सरकार" बताया।


## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

नगर रचना विभाग, पहला मंज़िल, महापालिका मुख्यालय, उल्हासनगर – 421003
जिला – ठाणे दूरध्वनि क्र.: (0251) 2720105, 2720116-125
फैक्स नं.: (0251) 2720104

क्रमांकः उमपा/निक/126/20/2025 दिनांकः 06/11/2025

**विषयः** दिनांक 01/01/2005 की स्थिति के अनुसार उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र की High-Resolution Satellite Imagery (HRSI), Mono Imagery of IKONOS/Quick Bird from MAXAR मंगवाने के संबंध में।

### दर पत्रक सूचना

| क्र. | सामग्री का विवरण | संख्या | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 01/01/2005 की स्थिति के अनुसार उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र की हाई रेज़ोल्यूशन सैटेलाइट इमेजरी | 01 | |

01) सीलबंद दरपत्रक नगर रचना विभाग में दिनांक 15/11/2025 को दोपहर 3:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।
02) दरपत्रक में दर्शाए गए दर 120 दिनों तक मान्य रहेंगे।
03) दरपत्रक के साथ स्वप्रमाणित जी.एस.टी. प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
04) दरपत्रक के साथ स्वप्रमाणित पैन कार्ड प्रस्तुत करना आवश्यक है।
05) आपूर्तिकर्ता को अपने स्वखर्चे पर मुद्रांक कागज़ पर अनुबंध करना होगा।
06) इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं को दरपत्रक प्रस्तुत करने से पूर्व नगर रचना विभाग में आकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए तथा सभी बिंदुओं की जांच और पुष्टि कर के ही दर प्रस्तुत करें।
07) बिना कोई कारण बताए एक या सभी दरपत्रक स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार महानगरपालिका अपने पास सुरक्षित रखती है।
08) किसी भी प्रकार की शर्तों के साथ प्रस्तुत दरपत्रक मान्य नहीं होगा।

हस्ता/-
सदस्य सचिव तथा
प्रभारी सहायक संचालक, नगर रचना
नियमितीकरण कक्ष
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/369/2025
दिनांक : 12/11/2025

संपादकीय


## बेमौत न मरें यात्री

विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। तंत्र की चतुराई ये होती है कि मुआवजे और दुर्घटना की फौरी जांच की घोषणा तो कर दी जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना के मूल कारणों की तह तक नहीं पहुंचा जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। आए दिन खबर आती है कि तेज गति से आता कोई वाहन सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया और अनेक निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इस संकट की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से दो सप्ताह में दुर्घटना के कारणों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस भीषण दुर्घटना के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए ये निर्देश दिए हैं। दरअसल, इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हादसे की वजह सड़क के किनारे गलत ढंग से खड़ा ट्रक बना। जिससे यात्रियों से भरा तेज गति से आता एक टेम्पो ट्रेवलर टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि इसमें चार बच्चों तथा दस महिलाओं समेत पंद्रह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए। आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। लेकिन वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती हैं, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। लेकिन हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं। लेकिन अकसर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी ही दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। यह विडंबना ही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं, लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगायी जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना ही नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है।

शख्सियत | कार्तिक आर्यन

## ग्वालियर से बॉलीवुड के चार्मिंग हीरो तक का सफर

कार्तिक आर्यन भारतीय सिनेमा के उन अभिनेताओं में हैं जिन्होंने फ़िल्मी पृष्ठभूमि न होने के बावजूद लगातार मेहनत और चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। 22 नवंबर 1990 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में जन्मे कार्तिक का असली नाम कार्तिक तिवारी है।




उनके पिता बाल रोग विशेषज्ञ हैं और माता माला तिवारी स्त्रीरोग विशेषज्ञ। बचपन से ही फिल्मों का आकर्षण रहा, लेकिन उन्होंने औपचारिक शिक्षा पूरी की — नवी मुंबई के डी. वाई. पाटिल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से उन्होंने जैव-प्रौद्योगिकी में डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में भी वे फिल्मों और ऑडिशन के पीछे लगे रहे; कई बार क्लास छोड़कर ऑडिशन में गए और हार-जीत के दौर से गुजरे। कार्तिक ने मॉडलिंग से कैरियर की शुरुआत की और तीन साल तक लगातार ऑडिशन दिए। 2011 में लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला। फिल्म में उनके निभाए गए रजत नामक किरदार का लंबा मोनोलॉग—जो लगभग पाँच मिनट का बताया जाता है—ने उन्हें तुरंत पहचान दिलाई। इस मोनोलॉग और उनकी ऑर्गेनिक कॉमिक टाइमिंग को समीक्षकों ने नोट किया और फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। शुरुआती सफलता के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की — यह दर्शाता है कि उन्होंने कभी सुरक्षा और जोखिम के बीच संतुलन बनाए रखा। डेब्यू के बाद उन्होंने 2013 की 'आकाश वाणी' और 2014 की सुभाष घई निर्देशित 'कांचीः द अनब्रेकेबल' में काम किया। इन परियोजनाओं का व्यावसायिक प्रदर्शन उत्कृष्ट नहीं रहा, पर अभिनय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट थी। कई आलोचकों ने उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। इस दौर ने यह भी दिखाया कि केवल एक सफलता के बाद भी एक्टिंग करियर में निरंतर टिके रहने के लिए किस हद तक मोटिवेशन और सयंम चाहिए होता है। 2015 में 'प्यार का पंचनामा 2' ने कार्तिक को फिर से स्पॉटलाइट में ला दिया। इसमें भी उनका लंबा मोनोलॉग और कॉमिक टाइमिंग दर्शकों का ध्यान खींची। 2018 में 'सोनू के टीटू की स्वीटी' ने उन्हें मेनस्ट्रीम में ठोस स्थान दिलाया — फिल्म ने बड़ी कमाई की और उनके काम को व्यापक दर्शक-स्वीकृति मिली। इसके बाद उन्होंने 'लुका छुपी' जैसी रोमांटिक-कॉमेडी से लेकर 'धमाका' जैसे अलग तरह के प्रोजेक्ट्स तक में काम किया, जो उनकी व्यावहारिक विविधता और जोखिम लेने की चाहत को दर्शाता है। 2022 में आई 'भूल भुलैया 2' कार्तिक के करियर की सबसे बड़ी हिट में से एक साबित हुई, जिसने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की और उनकी लोकप्रियता को और मजबूत किया। इस सफलता के साथ उनकी फीस में भी इजाफा हुआ — मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपनी फीस 15–20 करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग 35–40 करोड़ रुपये प्रति फिल्म कर ली।

यह परिवर्तन इंडस्ट्री में उनकी बढ़ती मांग और वैनिटी में बढ़ती कीमत का संकेत है। कार्तिक की सबसे बड़ी ताकत उनकी सहजता, कॉमिक टाइमिंग और स्क्रीन पर चार्म दिखाने की क्षमता है। वह अक्सर ऐसे किरदार चुनते हैं जिनमें सरलता और आधुनिक वापसी दोनों होती है — युवा दर्शकों में उनकी पहुंच इसे और मजबूत करती है। दूसरी ओर, कुछ फिल्मों — विशेषकर 'प्यार का पंचनामा' और उससे जुड़ी फिल्मों — पर भारी आलोचना भी हुई; आलोचकों ने कहा कि उनमें स्त्री-चित्रण और कभी-कभी कथानक में सेक्सिस्ट टोन दिखता है। कार्तिक ने सार्वजनिक मंचों पर कहा कि फिल्में काल्पनिक और चरित्र-निहित होती हैं, और किसी चरित्र का रवैया अभिनेता की निजी मान्यताओं का प्रतिबिंब नहीं होता।

# जयोस्तुते
भाग-50

# सु-विचार-दर्शन





सरसंघचालक सुदर्शन जी ने भारतीय संस्कृति के साथ-साथ वेदों, उपनिषदों, पुराणों, रामायण, महाभारत, धर्मशास्त्रों और इतिहास का गहन अध्ययन किया था। प्रखर हिंदुत्ववादी होने के बावजूद उन्होंने इस्लाम और ईसाई धर्मग्रंथों का भी अध्ययन किया था। इसलिए उनके भाषणों में हिंदू धर्म के साथ-साथ अन्य धर्मों का भी उल्लेख आता था। उनका मानना था कि वेद ही प्रमाण हैं और वेदों में कहीं भी अस्पृश्यता, वर्णव्यवस्था या जातिव्यवस्था का उल्लेख नहीं है, इसलिए हिंदू धर्म में जातिभेद का कोई स्थान नहीं है। इतना ही नहीं, वे स्पष्ट रूप से कहते थे कि यदि वेदों के बाद रचित कुछ ग्रंथों या शास्त्रों में जातिव्यवस्था का उल्लेख है, तो ऐसे ग्रंथों और शास्त्रों को मानने या उनका अनुकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वे सामाजिक समरसता के समर्थक थे और हिंदू समाज में व्याप्त जातिवाद, ऊंच-नीच का भेदभाव उन्हें पूर्णतः अस्वीकार्य था।



मूल लेख : अवधूत वाघ



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

**स्वयं** एक उच्चशिक्षित अभियंता होने के कारण वे तर्कशुद्ध शैली में अपनी बात रखते और पाखंडी, पुरातनपंथी तथा आधुनिक समाज निर्माण का विरोध करने वालों को बेनकाब करते थे।

संघ शाखा और संघ प्रार्थना के महत्व को बताते हुए सुदर्शन जी कहते हैं, ''एक निश्चित समय और स्थान पर नियमित रूप से एकत्र होना, मातृभूमि के प्रति समान विचार रखना, उसका एकसमान स्मरण करना, और एक ही प्रार्थना करना- ये सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति के अभिन्न अंग हैं। संघ की प्रार्थना को आत्मसात करना या अपनाना, इसका अर्थ ही संघ के विचार और संघभाव को आत्मसात करना या अपनाना है।''

**हिंदुओं** के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से अवगत कराते हुए और 'उठो, तैयार हो जाओ' का संदेश देते हुए सुदर्शनजी कहते हैं, '' हिंदुत्वनिष्ठ शक्तियां और हिंदुत्वविरोधी शक्तियां दोनों आज रणभूमि में आमने-सामने खड़ी हैं। अब तक ये शक्तियां अपने-अपने अखाड़ों में अभ्यास कर रही थीं, अपने दंड फुला रही थीं। परंतु अब वे प्रत्यक्ष रणभूमि में महाभारत के युद्ध की तरह आमने-सामने हैं। अब स्थिति 'न दैन्यं न पलायनम्' जैसी हो गई है। वैचारिक, संगठनात्मक और शारीरिक स्तर पर भी अब संघर्ष करना आवश्यक हो गया है।''

**'वसुधैव कुटुम्बकम्'** भले ही हमारा आदर्श वाक्य हो, परंतु इसे साकार करने के लिए संपूर्ण विश्व में मानव जाति और प्रकृति के प्रति एकसमान नियम होने चाहिए-इस बात पर वे दृढ़ थे। इस संदर्भ में वक्तव्य देते हुए सुदर्शन जी कहते हैं, ''व्यक्ति, समाज, प्रकृति और परंपरा के बीच संबंध निर्धारित करने वाले जितने भी नियम हैं, वे केवल भारत या हिंदुओं के लिए नहीं, बल्कि समस्त विश्व के लिए हैं। इसलिए इन्हें 'मानवधर्म' कहा जाता है। ये सिद्धांत अतीत में भी सत्य थे, आज भी सत्य हैं और भविष्य में भी उतने ही सत्य रहेंगे। सनातन धर्म, हिंदू धर्म और मानवधर्म,ये सभी समानार्थी शब्द हैं।''

**वे** स्पष्ट रूप से कहते हैं कि अस्पृश्यता हिंदू समाज की सबसे बड़ी कुप्रथा है और समरसता की आवश्यकता पर बल देते हैं। ऐसे समय में उनके अंतःकरण में बसा एक सुधारवादी हिंदू कहता है, '' हिंदू समाज में अत्यंत श्रेष्ठ विचार होने के बावजूद समय के साथ कई कुप्रथाएं उसमें घुसा दी गइं, जिनकी वजह से शत्रु हमें पराजित कर सका। इनमें सबसे घातक है जाति के नाम पर हिंदुओं में व्याप्त अस्पृश्यता।''



**भारतीय** शब्दों के लिए अंग्रेजी में जो पर्यायवाची शब्द हैं, वे वास्तव में पर्याय नहीं हैं। अंग्रेजी शब्द भारतीय भाषाओं के शब्दों का ठीक से वर्णन नहीं कर सकते और उनके पीछे की भावना को व्यक्त नहीं कर सकते। इस कारण धर्म, संस्कृति, राष्ट्रवाद, देश, सभ्यता जैसे शब्दों के लिए अंग्रेजी में सटीक पर्यायवाची या वैकल्पिक शब्द नहीं हैं, इसलिए पश्चिमी दुनिया भारत के आध्यात्मिक ज्ञान को सही से नहीं समझ पाती। इस पर सुदर्शन जी कहते हैं, ''भारत में प्रचलित धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के लिए अंग्रेजी में जो शब्द-रिलिजन, नेशन और सिविलाइजेशन-प्रयोग किए जाते हैं, वे इनके पर्याय नहीं हैं। इनके अर्थों में बहुत अंतर है।''

**धर्म** का अर्थ कर्तव्य होता है जबकि रिलिजन उपासना पद्धति को दर्शाता है। धर्म की वैश्विक परिभाषा देते हुए सुदर्शनजी कहते हैं, ''धर्म का अर्थ रिलिजन नहीं है। हमारे यहां धर्म के चार घटकहैं- पहला स्वयं व्यक्ति, दूसरा समाज, तीसरा प्रकृति और चौथा परमात्मा। इन चारों के बीच समझदारी से व्यवधानरहित व्यवहार करने के लिए जो नियम बनाए गए हैं, वे धर्म के अंतर्गत आते हैं। संक्षेप में, इन सभी नियमों का पालन करना ही धर्म का पालन करना होता है।''

**संघ** की संरचना, अधिकारों और व्यवस्था के बारे में स्पष्ट करते हुए सुदर्शन जी कहते हैं, ''किसी भी संगठन में एक व्यवस्था बनानी होती है। इस व्यवस्था में कुछ पद निर्माण करने पड़ते हैं, लेकिन ये पद कोई मान-सम्मान की जगह नहीं हैं, बल्कि संघ स्वयंसेवकों को संस्कारित करने के लिए बनाई गई एक व्यवस्था है। इसलिए भले ही सरसंघचालक सबसे बड़ा पद हो, लेकिन जब कोई सामान्य मुख्य शिक्षक शाखा में 'दक्ष' कहता है, तो वहां उपस्थित सरसंघचालक को भी दक्ष स्थिति में खड़ा रहना पड़ता है।''

**सुप्रसिद्ध** पत्रकार एम. जे.अकबर ने एक बार कहा था - ''इंडिया इज सेक्युलर नॉट बिकॉज गांधी वॉज सेक्युलर, गांधी वॉज सेक्युलर बिकॉज इंडिया इज सेक्युलर।'' संभवतः यह कहने से पहले एम. जे. अकबर ने सुदर्शन जी का यह कथन पढ़ा होगा- ''यह देश सर्वधर्म समभाव को मानता है क्योंकि इस देश में हिंदू बहुसंख्यक हैं।'' शायद इसी कथन से उन्होंने प्रेरणा ली हो।

**यह** कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कई भाषाओं में पारंगत सरसंघचालक सुदर्शनजी के विचार सनातन संस्कृति का सार हैं।

क्रमशः

अनुसर्जन : श्वेता शालिनी



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

## शिवलिंगः सृष्टि, शक्ति और चेतना का शाश्वत प्रतीक



"ॐ नमः शिवाय" — यह पंचाक्षरी मंत्र केवल एक उच्चारण नहीं, बल्कि शिव तत्व का सार है। इसका अर्थ है — "मैं उस कल्याणकारी, निराकार, सर्वव्यापी परम चेतना को नमन करता हूँ, जो सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है।" यह मंत्र मनुष्य को भीतर से शुद्ध करता है, उसके अहंकार का नाश करता है और उसे उस परम सत्य से जोड़ता है, जो शब्दों और रूपों से परे है।

शिवलिंग की पूजा इसी दिव्य मंत्र से जुड़ी है। शिवलिंग कोई साधारण पत्थर या मूर्ति नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा और सृष्टि के मूल स्रोत का प्रतीक है। संस्कृत में 'लिंग' शब्द का अर्थ होता है — चिह्न या प्रतीक। इस प्रकार 'शिवलिंग' का अर्थ हुआ — शिव का प्रतीक, अर्थात वह रूप जिसमें परम पुरुष और प्रकृति का एकत्व प्रकट होता है। यह वही बिंदु है जहाँ सृजन की शुरुआत होती है, जहाँ से जीवन की हर धारा प्रवाहित होती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

वायुपुराण के अनुसार, शिवलिंग संपूर्ण ब्रह्मांड का प्रतीक है। इसका ऊर्ध्वाकार आकार उस सृष्टि धुरी (Axis of Creation) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके चारों ओर समस्त ग्रह, तारे और आकाशीय पिंड गतिशील हैं। यही कारण है कि इसे ज्योतिर्लिंग कहा गया — "प्रकाश का स्तंभ", जो अनादि और अनंत है। यह केवल भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक प्रकाश का भी प्रतीक है — वह चेतना जो सृष्टि के हर कण में विद्यमान है।

महामृत्युंजय मंत्र, जो ऋग्वेद से लिया गया है, शिव की उपासना का अत्यंत प्रभावशाली मंत्र है:

"ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥"

इसका अर्थ है — हम तीन नेत्रों वाले शिव की उपासना करते हैं, जो जीवनदायी सुगंध की तरह सर्वत्र व्याप्त हैं और जो हमें मृत्यु के बंधनों से मुक्त कर अमृतत्व प्रदान करते हैं। यह मंत्र केवल मृत्यु से मुक्ति का नहीं, बल्कि जीवन के बंधनों से ऊपर उठने का प्रतीक है।



शिव योग के प्रथम गुरु, अर्थात आदियोगी हैं। उन्होंने ही मानव को ध्यान, प्राणायाम, संयम और आत्मबोध का मार्ग सिखाया। उनकी शिक्षा किसी धर्म, जाति या समय से सीमित नहीं — वे सार्वभौमिक सत्य के शिक्षक हैं। उन्होंने यह सिखाया कि सृष्टि की हर वस्तु में वही ऊर्जा प्रवाहित है, जिसे हम शिव कहते हैं।

शिव केवल देवता नहीं, संपूर्ण चेतना के स्वरूप हैं। जब भी संसार में असंतुलन उत्पन्न हुआ, देवता और असुर दोनों उनकी शरण में आए। उन्होंने दैत्यों का संहार किया, परंतु उन्हें मोक्ष भी प्रदान किया। यही कारण है कि वे भूतनाथ, विश्वनाथ और महाकाल कहलाए। वे सभी में समभाव रखते हैं — दानव, देवता, मानव, पशु — सब उनके समान हैं। वे संहारक हैं, पर साथ ही पालक और उद्धारक भी हैं।

शिवलिंग की पूजा वस्तुतः ऊर्जा और चेतना के मिलन की आराधना है। यह आराधना बाहरी नहीं, आंतरिक है — जब साधक "ॐ नमः शिवाय" का जाप करता है, तो वह अपने भीतर की स्थिरता, मौन और दिव्यता को जागृत करता है। यह जाप किसी देवता को मनाने का नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर स्थित शिवत्व को पहचानने का साधन है। शिव समय से परे हैं — वे निराकार, अजर-अमर और अनंत चेतना हैं। जब मनुष्य इस सत्य को स्वीकार करता है कि हर कण में शिव का अस्तित्व है, तब उसका दृष्टिकोण बदल जाता है। उसके लिए सम्पूर्ण संसार एक ही ऊर्जा का विस्तार बन जाता है — वही शिव, जो पर्वतों में भी है, नदी में भी; जो अग्नि में भी है और शून्य में भी।

## अपने विचार

'जब भी धमाके हुए, उसे कहीं ना कहीं एक कट्टरपंथी मजहबी विचारधारा के लोगों ने किया। हमेशा भारत को, भारत माता को, सनातन को टारगेट बनाकर किया। कल जो हुआ वह घोर निंदनीय और अमानवीय है।



-धीरेंद्र शास्त्री
बागेश्वर धाम

पीड़ित को कानूनी सहायता देना केवल परोपकार नहीं है बल्कि हमारा नैतिक दायित्व भी है। इस प्रक्रिया में जो लोग भी शामिल हैं उनका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को कानून व्यवस्था का लाभदिलाने का होना चाहिए।



-बी आर गवई
सीजेआई,भारत

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

# महानगरी एक्सप्रेस में बम रखने की धमकी

## रेलवे सुरक्षा बल ने सतर्कता से जांच की

## मध्य रेल में सुरक्षा उपायों में वृद्धि

**भुसावल।** बुधवार सुबह मध्य रेलवे के भुसावल मंडल में एक बड़ी सुरक्षा कार्रवाई उस समय की गई जब ट्रेन क्रमांक 22177 महानगरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में बम रखने की धमकी वाला संदिग्ध संदेश मिला। सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल (RPF), सरकारी रेल पुलिस (GRP) और स्थानीय पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। विभागीय सुरक्षा नियंत्रण कक्ष (DSCR) से आदेश मिलते ही स्टेशन और ट्रेन को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।



### भुसावल स्टेशन पर सघन जांच अभियान

सुबह 8:28 बजे ट्रेन के भुसावल स्टेशन पहुंचते ही यात्रियों को सतर्कता में रखा गया और कोचों की गहन जांच शुरू कर दी गई। संयुक्त सुरक्षा जांच दल में IPF/भुसावल स्टेशन, आरक्षित पथक, श्वान दल, विस्फोटक जांच पथक, PI/GRP, PI/शहर एवं बाजारपेठ पुलिस, विशेष गुप्तचर शाखा (SIB), गुन्हे गुप्तचर शाखा (CIB) और BDDS जलगांव दल शामिल थे। मैन्युअल और तकनीकी जांच के बाद किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति का पता नहीं चला। धमकी भरा संदेश हटाकर कोच को सुरक्षित घोषित किया गया।

### ट्रेन को सुरक्षित घोषित कर रवाना किया गया

जांच पूरी होने के बाद सुबह 8:45 बजे महानगरी एक्सप्रेस को सुरक्षित घोषित कर आगे रवाना किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तहत RPF और GRP कर्मियों को ट्रेन के साथ बुरहानपुर और खंडवा तक निगरानी के लिए भेजा गया। पूरे अभियान के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### पूरे मंडल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

घटना के बाद भुसावल मंडल में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। प्रमुख स्टेशनों पर RPF, GRP और एंटी-सैबोटाज विशेष दलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। CCTV नियंत्रण कक्षों से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में एक्सेस कंट्रोल प्रणाली सख्ती से लागू की गई है। सभी रेलवे कर्मचारियों को किसी भी असामान्य गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्वान दल और BDDS टीमें 24 घंटे सतर्क

बॉम्ब डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (BDDS) और श्वान दल को 24x7 अलर्ट मोड में रखा गया है। संवेदनशील स्थानों पर यादृच्छिक तलाशी और गश्त जारी है। भुसावल स्थित वॉर रूम से सभी सुरक्षा गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।

### यात्रियों से रेल प्रशासन की अपील

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत सुरक्षा कर्मियों को दें, जांच के दौरान दलों का सहयोग करें, और किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना रेलवे हेल्पलाइन या स्टेशन अधिकारियों को दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सर्वोपरि है। "जनता के सहयोग से सुरक्षित रेलवे वातावरण बनाए रखना हमारा संकल्प है," भुसावल मंडल प्रशासन ने कहा।

# अब नए लुक में दिखेगी आपकी पसंदीदा ट्रेन

## आठ चुनिंदा ट्रेनों में पारंपरिक कोच को एलएचबी कोच से बदलेगा मध्य रेल

**मुंबई।** मध्य रेल ने यात्रियों के अनुभव और सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने घोषणा की है कि आठ प्रमुख ट्रेनों में अब पारंपरिक आईसीएफ कोचों की जगह स्थायी रूप से आधुनिक एलएचबी (लिंक-हॉफमैन-बुश) कोच लगाए जाएंगे। इनमें सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस, पुणे-वेरावल एक्सप्रेस, पुणे-भगत की कोठी एक्सप्रेस, पुणे-भुज एक्सप्रेस, पुणे-अहमदाबाद एक्सप्रेस, कोल्हापुर-नागपुर एक्सप्रेस, कोल्हापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस और कोल्हापुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस शामिल हैं। ये बदलाव 14 जनवरी से 25 जनवरी 2026 के बीच चरणबद्ध रूप से लागू होंगे। नई संरचना में वातानुकूलित डिब्बों की संख्या बढ़ाई गई है और सभी ट्रेनों में जनरेटर वैन सहित 16 से 20 एलएचबी कोच होंगे, जिससे यात्रा और आरामदायक व सुरक्षित होगी।

### नए एलएचबी कोच की प्रमुख विशेषताएँ



एलएचबी कोच जर्मनी की तकनीक पर आधारित आधुनिक स्टेनलेस स्टील के रेल कोच हैं, जिन्हें भारत में तैयार किया जा रहा है। इनमें एंटी-क्लाइम्बिंग सिस्टम, अग्निरोधी सामग्री, और कुशल डिस्क ब्रेकिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएँ शामिल हैं। इनकी डिज़ाइन गति 200 किमी/घंटा और परिचालन गति 160 किमी/घंटा तक है, जबकि पुराने आईसीएफ कोच 140 किमी/घंटा तक सीमित थे। एलएचबी कोचों में अधिक जगह, आरामदायक सीटें, एलईडी लाइटिंग, 5-पिन चार्जिंग सॉकेट, आपातकालीन निकास खिड़कियाँ और 6 घंटे की बैकअप क्षमता वाली इमरजेंसी लाइट यूनिट (ELU) भी मौजूद है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों सुनिश्चित होती हैं।

### भारतीय रेलवे नेटवर्क में तेज़ी से हो रहा बदलाव

एलएचबी कोचों का उपयोग भारत में वर्ष 2000 में शताब्दी एक्सप्रेस से शुरू हुआ था। पहला घरेलू विनिर्माण संयंत्र 2001 में स्थापित किया गया और अब इन कोचों का निर्माण कपूरथला, चेन्नई और रायबरेली स्थित फैक्ट्रियों में किया जा रहा है। भारतीय रेलवे अब चरणबद्ध तरीके से सभी पुराने आईसीएफ कोचों को हटाकर एलएचबी कोचों से बदल रहा है।

## ब्रीफ न्यूज़

### वाशी सागर विहार परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान



**नवी मुंबई।** नियमित शहरी स्वच्छता के साथ-साथ नवी मुंबई महानगरपालिका (नमुंमपा) के घनकचरा प्रबंधन विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के साथ-साथ उपेक्षित इलाकों में भी सघन स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। इस पहल में स्थानीय नागरिकों का सक्रिय सहयोग भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सागर विहार सेक्टर 8, वाशी क्षेत्र में विशेष सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के मार्गदर्शन में, घनकचरा प्रबंधन विभाग के उप आयुक्त डॉ. अजय गडदे के माध्यम से आयोजित किया गया। इसमें वाशी विभाग के सहायक आयुक्त सुखदेव येडवे, मुख्य स्वच्छता अधिकारी राजेंद्र इंगळे, उप मुख्य स्वच्छता अधिकारी नरेश अंधेर, और स्वच्छता अधिकारी श्रीमती जयश्री आढळ सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और सफाईकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। विशेष बात यह रही कि इस अभियान में कर्मवीर भाऊराव पाटिल कॉलेज, सेक्टर 16, वाशी के एनएसएस विद्यार्थी दल तथा कुछ स्वच्छता-प्रेमी नागरिकों ने भी स्वेच्छा से भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 35 बोरी कचरा एकत्रित कर तुर्भे प्रकल्प स्थल तक पहुँचाया गया।

### गंदगी और अवैध डंपिंग को लेकर शिवसेना की चेतावनी



**भिवंडी।** भिवंडी के गौतम कंपाउंड, नई बस्ती क्षेत्र में फैली गंदगी और अवैध डंपिंग को लेकर शिवसेना कामगार सेना (भिवंडी शाखा) ने मनपा प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपा है। संगठन के अध्यक्ष असगर अज्जू खान ने भिवंडी निजामपुर महानगरपालिका के आरोग्य विभाग के सहायक आयुक्त को सौंपे पत्र में आरोप लगाया कि मनपा कर्मचारियों की लापरवाही से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कचरा जमा हो गया है, जिससे इलाका डंपिंग ग्राउंड में तब्दील होता जा रहा है। कचरे की दुर्गंध और मच्छरों के कारण नागरिकों में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। शिकायत में बताया गया कि महबुबिया मस्जिद, एक श्मशान भूमि, एक चर्च और पाँच स्कूलों के आसपास फैली गंदगी से धार्मिक व शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। शिवसेना ने मनपा से तत्काल सफाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 17 नवंबर 2025 तक कार्रवाई नहीं की गई, तो महानगरपालिका मुख्यालय के सामने "कचरा फेंको आंदोलन" शुरू किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाई गई कालभैरव जयंती



**भाईंदर।** सनातन धर्म में मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्री कालभैरव जयंती अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई जाती है। 12 नवंबर को कालाष्टमी के शुभ अवसर पर मीरा रोड के प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया। देवाधिदेव महादेव के पाँचवे अवतार माने जाने वाले कालभैरव को उनका रौद्र रूप कहा जाता है, जो अधर्म और अपराध का नाश करने वाले भयंकर दंडनायक हैं। मान्यता है कि इस दिन बाबा कालभैरव की विधिवत पूजा करने से जीवन की सभी कठिनाइयाँ दूर होती हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। मीरा रोड के रामदेव पार्क स्थित राजराजेश्वरी माँ बगलामुखी मंदिर में बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया, सरसों के तेल का दीप प्रज्वलित कर विविध अनुष्ठान संपन्न हुए। "डमरू की डम डम" और "काशिकापुराधिनाथ कालभैरवम भजे" के नाद से पूरा परिसर गूंज उठा और शाम को भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह जागरूकता अभियान का आगाज

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल की टीम ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। व्याख्यानों, कार्यशालाओं, रैलियों, पोस्टर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों और मूक नाटकों जैसे विविध माध्यमों के जरिए समाज के हर वर्ग तक "मानसिक स्वास्थ्य, समाज की शक्ति" का संदेश पहुँचाया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने "आपदा और आपातकालीन स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता" का नारा दिया था। इसी संदर्भ में अस्पताल ने 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक "विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह" के रूप में जागरूकता अभियान चलाया, जिसका उद्घाटन जिला न्यायाधीश सूर्यकांत शिंदे ने किया।





### विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य को बताया समाज की नींव

इस अभियान में मनोचिकित्सक, समाज सेवा अधिकारी, व्यावसायिक चिकित्सक, नर्सें और डीपीएन कॉलेज के छात्र सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान का संचालन उप अधीक्षक डॉ. प्राची चिवटे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ममता अलासपुरकर, डॉ. अर्चना गडकरी, डॉ. अमोल भुसारे और डॉ. कुसुम्माला एन. के मार्गदर्शन में किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक ने कहा कि नागरिक केंद्र सरकार की 24x7 नि:शुल्क मानसिक परामर्श सेवा टेलीमानस (टोल फ्री: 1800 891 4416) का लाभ अवश्य उठाएँ। आपात स्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखना समय की बड़ी ज़रूरत है। अगर मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, तो समाज भी मज़बूत रहेगा। हमारा लक्ष्य मानसिक बीमारियों के लक्षणों की पहचान, समय पर इलाज और सामाजिक कलंक को समाप्त करना है।

### विविध कार्यक्रमों से जागरूकता का विस्तार

इस अवसर पर जिला एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवींद्र पजंकर, उपनिदेशक डॉ. नीलेश सपकाले, और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नर्सों द्वारा "आपातकालीन स्थितियों में मानसिक देखभाल" विषय पर प्रस्तुत प्रभावशाली मूकाभिनय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। यह अभियान ठाणे, मुंबई, भिवंडी, चेंबूर, उल्हासनगर और बदलापुर क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया गया, जिसमें पर्यवेक्षण गृहों, निरोध केंद्रों, महिला छात्रावासों, जेलों और शैक्षणिक संस्थानों में लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया गया।

# 3.5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन



**भिवंडी।** भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाळ्या मामा ने सांसद निधि से लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से किए जाने वाले 23 विकास कार्यों का उद्घाटन मंगलवार को किया। कार्यक्रम की शुरुआत ताडाळी कामतघर स्थित ब्रह्मानंद नगर में गटर और सड़क मरम्मत कार्य के भूमिपूजन से हुई, जिसके लिए सांसद ने 40 लाख रुपये का निधि प्रदान किया। इसके बाद नवी वस्ती, रावजी नगर, आस बीबी चौक, एसटी स्टैंड शिया कब्रिस्तान, गुलजार नगर, पिराणी पाडा, जब्बार कंपाउंड, किडवई नगर, गायत्री नगर और न्यू आज़ाद नगर सहित कई इलाकों में गटर, पाथवे, पत्राशेड, पेवर ब्लॉक और कंक्रीट सड़क जैसी परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। कुल 23 परियोजनाओं पर लगभग 3.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अवसर पर सांसद बाळ्या मामा ने कहा कि भिवंडी के विकास के लिए वे हमेशा तत्पर हैं और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के लिए मनपा आयुक्त और ठेकेदारों की संयुक्त बैठक बुलाएंगे। उन्होंने भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए रेलवे प्रशासन से तुरंत संपर्क करने की बात कही और आश्वासन दिया कि भिवंडी को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे।

# 7 दिसंबर से 12वीं के छात्रों के लिए अभ्यास परीक्षाएं

**ठाणे।** विधायक संजय केलकर की पहल और प्रेरणा संस्था के आयोजन में लगातार तेरहवें वर्ष कक्षा 12वीं के विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के छात्रों के लिए अभ्यास परीक्षाएं 7 दिसंबर से शुरू होंगी। यह परीक्षा छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी गलतियों को समझने में मदद करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। केलकर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा से पहले यह अभ्यास छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। परीक्षा 7, 14, 21 और 28 दिसंबर को आयोजित की जाएगी, जिसमें विषयवार प्रश्नपत्र सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होंगे। परीक्षा केंद्र ब्राह्मण शिक्षा बोर्ड का अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और दगडी स्कूल के पास महाराष्ट्र विद्यालय तय किया गया है। परिणाम और प्रमाणपत्र वितरण समारोह 4 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे अभिभावकों की उपस्थिति में होगा, जहाँ प्रमाणपत्र विधायक संजय केलकर वितरित करेंगे।

# राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में नवी मुंबई महानगरपालिका को देश में प्रथम स्थान

**नवी मुंबई।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की ओर से जल संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु दिए जाने वाले 'छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार – 2024' की घोषणा की गई है। इसमें स्थानीय स्वराज्य संस्था श्रेणी में नवी मुंबई महानगरपालिका को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि नवी मुंबई महानगरपालिका के लिए गर्व का विषय बन गई है, जिससे उसके शिरपेच में एक और राष्ट्रीय सम्मान जुड़ गया है। मुख्यमंत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए ट्वीट किया, वहीं महानगरपालिका आयुक्त व प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने भी इस राष्ट्रीय सफलता पर सभी नवी मुंबईकर नागरिकों को शुभकामनाएँ दीं।



### राष्ट्रपति के हाथों होगा सम्मान समारोह

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने इन पुरस्कारों की घोषणा की है। यह पुरस्कार वितरण समारोह 18 नवंबर को नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति के हाथों संपन्न होगा। इन पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य देशभर में जल संरक्षण और जल साक्षरता को बढ़ावा देना है, ताकि 'जल समृद्ध भारत' की संकल्पना को साकार किया जा सके। इस वर्ष देशभर से 751 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनकी केंद्रीय जल आयोग और केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा विस्तृत जांच व स्थल निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार की गई। तत्पश्चात स्वतंत्र निर्णायक मंडल ने पारदर्शी स्कोरकार्ड प्रणाली से विजेताओं का चयन किया।





# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# ग्रहों का शरीर से गहरा रिश्ता: रोग और चिन्हों की वैदिक कथा



वैदिक ज्योतिष केवल ग्रहों की चाल और राशियों के फलादेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर के हर अंग, हर दर्द, हर निशान, और हर परिवर्तन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। यह शास्त्र बताता है कि कोई तिल कहां है, कौन-सा मस्सा कब और क्यों उभरा, शरीर में किस अंग पर पुराना घाव या कट क्यों बना — यह सब किसी न किसी ग्रह की छाया या उसकी दृष्टि का प्रभाव होता है। प्राचीन ऋषियों ने बताया है कि सूर्य जब कुंडली में प्रभावशाली हो या पीड़ित हो, तो व्यक्ति को नेत्र रोग, हृदय संबंधी परेशानी या उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सिर पर बालों का झड़ना, माथे पर किसी जलने या पुराने घाव का निशान — यह सब सूर्य के विशेष प्रभाव की गवाही देता है।

चंद्रमा का संबंध मन और भावनाओं से है, इसलिए इसकी पीड़ा मानसिक रोगों, मूत्र विकार या रक्त से जुड़े रोगों के रूप में दिखती है। जिनके चेहरे पर सफ़ेद दाग या गाल और ठुड्डी पर विशेष तिल होते हैं, वे अक्सर चंद्र के प्रभाव में होते हैं। चंद्र की कमजोरी कभी-कभी अवसाद की ओर भी ले जाती है।





प्रियंका जैन
9769994439

मंगल, जो ऊर्जा और रक्त का प्रतीक है, उसके अशुभ होने पर शरीर पर चोट, फोड़े-फुंसी, रक्तस्राव या पित्त के विकार दिखाई देते हैं। माथे या दाहिने हाथ पर चोट का पुराना निशान, लाल या गाढ़ा तिल मंगल की पुष्टि करते हैं। मंगल ग्रह की ऊर्जा अधिक तीव्र होती है, इसलिए इसका प्रभाव शरीर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

बुध, बुद्धि और त्वचा का प्रतिनिधि, जब संतुलन खोता है, तो वाणी में दोष, त्वचा रोग, अनिद्रा, और सिर दर्द जन्म लेते हैं। गर्दन या कंधे पर जन्मजात तिल या मस्से, बुध के प्रभाव का सूक्ष्म प्रमाण होते हैं। बुध की स्थिति तंत्रिका तंत्र की स्थिति को भी दर्शाती है।

गुरु यानी बृहस्पति, जब दोषयुक्त होता है, तो मोटापा, मधुमेह, लीवर की समस्या या सूजन जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। पेट या जांघ के पास कोई खास तिल या निशान मिलना गुरु के असर को दर्शाता है। गुरु का प्रभाव दीर्घकालिक होता है, जो शरीर में भारीपन और ऊर्जा की धीमी गति के रूप में प्रकट होता है।

शुक्र, जो सौंदर्य, यौन ऊर्जा और प्रजनन का कारक है, उसके असंतुलन से वृषण या गर्भाशय रोग, मूत्र विकार और त्वचा से जुड़ी समस्याएं सामने आती हैं। चेहरे पर सुंदरता से जुड़ा कोई तिल या जननांगों के पास तिल — शुक्र की उपस्थिति या असंतुलन का प्रतीक है।

शनि, कर्मों का न्यायाधीश, जब कुंडली में तनावपूर्ण होता है, तो शरीर में गठिया, लकवा, दांतों की समस्या, या पुरानी बीमारियां जन्म लेती हैं। इसके प्रभाव से घुटनों या पैरों पर दाग, टखनों पर मस्से या पीठ पर कोई कटाव या मस्सा अक्सर देखा जाता है। शनि का प्रभाव धीमा लेकिन स्थायी होता है। राहु का प्रभाव सबसे रहस्यमय होता है। यह भ्रम, विषाक्तता, त्वचा रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जुड़ा होता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### STF की बड़ी कार्रवाई: ARTO और PTO समेत 11 नामजद

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में ओवरलोड ट्रकों से कथित अवैध वसूली के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। रायबरेली और फतेहपुर जिले के एआरटीओ और पीटीओ समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद परिवहन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। एसटीएफ की रिपोर्ट के आधार पर लालगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में रायबरेली के एआरटीओ (प्रवर्तन) अंबुज, पीटीओ रेहाना बानो सहित कई अन्य कर्मचारियों और दलालों के नाम शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध नेटवर्क के जरिए ट्रकों से पैसे लेकर जांच के बिना क्लियरेंस दिया जा रहा था, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा था। क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह ने बताया कि मुकदमा एसटीएफ इंस्पेक्टर की तहरीर पर दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि, "जांच के दौरान जिन अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आएगी, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।" सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ ने इस कार्रवाई के दौरान दलाल मोहित अयोध्या नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि रायबरेली और फतेहपुर के एआरटीओ कार्यालयों से ओवरलोड ट्रकों को पैसे लेकर पास कराया जा रहा था। एसटीएफ को पिछले कुछ महीनों से इन जिलों में अवैध वसूली की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस खुलासे के बाद अन्य जिलों में भी परिवहन विभाग के अधिकारियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विभागीय स्तर पर भी आंतरिक जांच की संभावना जताई जा रही है।

### मुस्लिम नेता को बनाएं सीएम का चेहरा: मौलाना रजवी

**बरेली।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रस्तावित बरेली दौरे से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। मौलाना रज़वी ने कहा कि सपा की राजनीतिक नींव मुसलमानों और यादवों के गठजोड़ पर आधारित है, इसलिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को किसी मुसलमान नेता को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि "उत्तर प्रदेश की 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बावजूद सपा ने हमेशा टिकट वितरण में भेदभाव किया है। जिन समुदायों की जनसंख्या दो से पांच प्रतिशत है, उन्हें भी अधिक प्रतिनिधित्व दिया गया, जबकि मुसलमानों को लगातार नजरअंदाज किया गया।" अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रज़वी ने कहा, किसी एक मुसलमान के घर जाकर खाना खाने से पूरी कौम की तकदीर नहीं बदल सकती। अब मुसलमान जागरूक है और सब समझता है। चेताया कि यदि सपा ने आगामी चुनावों में मुस्लिम समाज को उनकी जनसंख्या के अनुपात में टिकट नहीं दिए, तो पार्टी के भीतर आंतरिक असंतोष और बगावत की स्थिति पैदा हो सकती है।

# छह करोड़ की चोरी का खुलासा मुठभेड़ में सात गिरफ्तार

**▸▸ स्वाट टीम ने बरामद किया सोना-चांदी का भारी जखीरा**

एजेंसी | बिजनौर



बिजनौर जिले के नजीबाबाद में पुलिस ने 6 करोड़ रुपये की बड़ी चोरी का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ। पकड़े गए सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब ढाई किलो सोना और आठ किलो से अधिक चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष झा ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात नजीबाबाद चौक बाजार स्थित ज्वेलर योगेश कुमार की दुकान से करीब छह करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और ढाई लाख रुपये नकद चोरी हो गए थे। घटना के बाद से पुलिस और स्वाट टीम लगातार जांच में जुटी थी। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पूरनपुर रोड स्थित एक खाली फ्लैट में छिपे आरोपी को घेरने की कोशिश की। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। आरोपी की पहचान शोएब (19 वर्ष), पुत्र जफर खां निवासी मोहल्ला मछली बाजार, नजीबाबाद के रूप में हुई। एसपी आशुतोष झा ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता टीम वर्क और लगातार की गई निगरानी का परिणाम है।

**एक किलो सोने की ईंट बरामद**

शोएब के पास से पुलिस को एक किलो सोने की ईंट, तीन सोने के टुकड़े, एक पासपोर्ट, नकद 800 रुपए , एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों — फराज, राबिया उर्फ चांदो, जफर अली, सहाना, जावेद, आसिया, खुर्शीदा और जेबा — के नाम बताए। इनमें से सात को पुलिस ने दबोच लिया है, जबकि दो की तलाश जारी है।

**2.6 किलो सोना, 8.7 किलो चांदी बरामद**

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने चोरी के बाद जेवरात आपस में बांट लिए थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 2624 ग्राम सोना और 8700 ग्राम चांदी के आभूषण मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि शोएब की मौसी राबिया और मौसा जफर अली नियमित रूप से उस दुकान पर खरीदारी के बहाने आते थे और उन्होंने ही बाकी रिश्तेदारों को दुकान में रखे जेवरों की जानकारी दी थी।

## हॉकी में उत्तर प्रदेश की भूमिका ऐतिहासिक: योगी आदित्यनाथ

**▸▸ मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राज्य के गौरव का प्रतीक**

एजेंसी | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। बुधवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी स्वागत समारोह में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हॉकी की विरासत स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा, "ट्रॉफी का उत्तर प्रदेश में आगमन हमारे गौरवशाली खेल इतिहास की याद दिलाता है। यह वही धरती है, जहां हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था, जिनके नेतृत्व में भारत ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता।"



**विवि में शुरू हुआ शैक्षणिक सत्र**

योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण करा रही है, जिसका पहला शैक्षणिक सत्र इस वर्ष से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न केवल खेल सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रही है, बल्कि उन खिलाड़ियों की स्मृतियों को भी सहेज रही है जिन्होंने भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा— के.डी. सिंह बाबू जैसे महान खिलाड़ियों की विरासत को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी स्थित उनके पैतृक आवास को संग्रहालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश ने समय-समय पर देश को कई बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी दिए हैं — अशोक कुमार, रवींद्र पाल, डॉ. आर.पी. सिंह, अब्दुल अजीज, पुष्पा श्रीवास्तव, वंदना कटारिया जैसे खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश और भारत दोनों का गौरव बढ़ाया है।

## नोएडा में सड़क सुरक्षा के लिए गूगल मैप की नई भूमिका

**▸▸ एप्लीकेशन बताएगा हर सड़क की गति सीमा**

एजेंसी | नोएडा

सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने तकनीक की मदद से एक नई पहल शुरू की है। अब गूगल मैप नोएडा में वाहन चालकों को न केवल मार्ग बताएगा, बल्कि उस सड़क की निर्धारित गति सीमा की जानकारी भी देगा। इस अभिनव परियोजना का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से किया। यह पहल यूपी पुलिस और गूगल इंडिया के सहयोग से तैयार की गई है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि नोएडा को इस परियोजना के लिए पायलट सिटी के रूप में चुना गया है। सफलता मिलने पर इसे पूरे उत्तर प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, "तकनीक के माध्यम से सड़क सुरक्षा को मजबूत करना हमारा उद्देश्य है। यह फीचर न केवल चालकों को सतर्क करेगा, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाने में भी मददगार साबित होगा।"



**गूगल मैप करेगा अलर्ट**

गूगल मैप अब चालकों को यात्रा के दौरान वॉइस अलर्ट या स्क्रीन पर चेतावनी संदेश के माध्यम से बताएगा कि वे जिस सड़क पर हैं, उसकी स्पीड लिमिट कितनी है। इसके अलावा, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (एक्सिडेंट प्रोन जोन) की जानकारी भी वास्तविक समय (रियल टाइम) में दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से ओवरस्पीडिंग और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर नियंत्रण पाने में काफी मदद मिलेगी। यह प्रोजेक्ट फिलहाल एनसीआर के कुछ हिस्सों में भी परीक्षण के रूप में चल रहा है।

**गूगल को दिया गया डेटा**

डीसीपी ट्रैफिक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने शहर की प्रमुख सड़कों का डेटा एकत्र कर गूगल को उपलब्ध कराया है। इस डेटा में सड़क की गति सीमा, ट्रैफिक घनत्व और हादसों के जोखिम वाले स्थानों की जानकारी शामिल है। शुभारंभ कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्रा, अपर पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल, और गूगल इंडिया की हेड रोनी अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 2013 में तलाक के बाद से कोई संपर्क नहीं: जफर हयात

### दिल्ली ब्लास्ट केस में डॉक्टर शाहीन के पूर्व पति ने तोड़ी चुप्पी

एजेंसी | कानपुर

राजधानी दिल्ली में हुए हालिया बम धमाके के मामले में गिरफ्तार डॉक्टर शाहीन सिद्दीकी के नाम के सामने आने के बाद अब उनके पूर्व पति डॉ. जफर हयात ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि साल 2013 में तलाक के बाद से उनका शाहीन से कोई भी संपर्क नहीं रहा। डॉ. शाहीन, जिन्हें फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है, लखनऊ की रहने वाली हैं और कभी कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में कार्यरत रही थीं। जांच एजेंसियों को शाहीन के कानपुर से जुड़े कुछ सुराग मिले थे, जिसके बाद टीम ने यहां पहुंचकर छानबीन की थी। बुधवार को मीडिया के सामने आए शाहीन के पूर्व पति डॉ. जफर हयात, जो वर्तमान में कानपुर के केपीएम अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, ने कहा— मेरी और शाहीन की शादी 2003 में हुई थी। हमारे दो बच्चे हैं। शादी के कुछ वर्षों बाद वह विदेश— खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया या यूरोप—में बसने का दबाव डालने लगी। मतभेद बढ़ते गए और 2013 में तलाक हो गया। दोनों बच्चे मेरे पास हैं, और तभी से हमारा कोई संपर्क नहीं है।

**तलाक के बाद से कोई बातचीत नहीं**



उन्होंने आगे कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं कि शाहीन आतंकी गतिविधियों से कैसे जुड़ी या उसके पास हथियार कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुझे यह सब सुनकर गहरा आघात पहुंचा है। तलाक के बाद से न तो कोई बात हुई, न मुलाकात। उसके निजी जीवन के बारे में मुझे कुछ नहीं पता।

**दिल्ली धमाके के बाद हुई गिरफ्तारी**

गौरतलब है कि दिल्ली में सोमवार शाम हुए धमाके के बाद जांच एजेंसियों ने कई शहरों में छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान डॉक्टर शाहीन सिद्दीकी की गिरफ्तारी ने पूरे मेडिकल समुदाय को भी चौंका दिया है। एजेंसियां अब उसके नेटवर्क और संपर्कों की गहन जांच में जुटी हैं।

## व्यापार जगत

# पीयूष गोयल और खालिद अल-फलीह ने निवेश व व्यापार विस्तार पर की वार्ता

**▸▸ भारत-सऊदी के व्यापारिक रिश्तों में मजबूती**

**▸▸ ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में साझेदारी को मिलेगी नई गति**

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और सऊदी अरब के बीच आर्थिक सहयोग के नए दौर की शुरुआत के संकेत मिल रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को सऊदी निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को और सशक्त बनाने पर गहन चर्चा की। बैठक के दौरान ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा और स्टार्टअप सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। गोयल ने कहा कि भारत-सऊदी साझेदारी "आपसी विश्वास, साझा विकास और दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि" पर आधारित है। बैठक में दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों ने भी निवेश सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ीकरण और नए औद्योगिक क्षेत्रों में अवसरों पर विचार-विमर्श किया।



**सऊदी अरब चौथा बड़ा साझेदार**

अधिकारियों के अनुसार, सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत सऊदी अरब के लिए दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें केवल रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र का योगदान 4.5 अरब डॉलर का है।

**द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर**

इसी क्रम में हाल ही में रियाद में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और सऊदी संस्कृति मंत्री प्रिंस बदर बिन अब्दुल्ला बिन फरहान अल सऊद के बीच सांस्कृतिक सहयोग पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) भी हुआ है, जिसके तहत कला, विरासत, संगीत और साहित्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

# पूर्वी एशियाई कंपनियां मेडिकल डिवाइस पार्क में करेंगी निवेश

**▸▸ 13 नवंबर को होनी है उच्चस्तरीय बैठक**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क जल्द ही अंतरराष्ट्रीय निवेश का नया केंद्र बनने जा रहा है। पूर्वी एशिया के देशों — जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, ताइवान, मंगोलिया और उत्तर कोरिया की अग्रणी कंपनियां इस पार्क में निवेश की तैयारी कर रही हैं। इस सिलसिले में 13 नवंबर को जापान कीच अगुआई से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल यमुना प्राधिकरण मुख्यालय पहुंचेगा, जहाँ मेडिकल डिवाइस पार्क के प्रशासनिक भवन में त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में लगभग 20 विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

**भारतीय कंपनियां भी आमंत्रित**



प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने जानकारी दी कि मेडिकल एक्सीलेंस जापान के सीईओ केंजी शिबुया के नेतृत्व में आने वाला प्रतिनिधिमंडल पार्क का निरीक्षण करेगा। बैठक में भारतीय कंपनियों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि विदेशी साझेदारों के साथ तकनीकी सहयोग और भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादन ढांचा तैयार किया जा सके।

**MoU पर हस्ताक्षर का प्रस्ताव**

भाटिया ने बताया कि मेडिकल एक्सीलेंस जापान, इकॉनमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ आसियान एंड ईस्ट एशिया (ERIA) और यमुना प्राधिकरण के बीच एक त्रिपक्षीय एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर का प्रस्ताव है। इसके बाद अन्य एशियाई देशों की कंपनियों के लिए भी निवेश के अवसरों का द्वार खुल जाएगा।

## स्टार्टअप्स को नई उड़ान: ऋण के लिए जन समर्थ पोर्टल

**▸▸ वित्त मंत्रालय ने पोर्टल पर 'कॉमन एप्लीकेशन जर्नी' शुरू की**

**▸▸ सभी सरकारी बैंकों से ऋण के लिए एकीकृत प्लेटफॉर्म**

**नई दिल्ली।** स्टार्टअप्स को एक ही मंच पर सभी सरकारी बैंकों से ऋण आवेदन की सुविधा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने बुधवार को 'जन समर्थ पोर्टल' पर स्टार्टअप कॉमन एप्लीकेशन जर्नी का शुभारंभ किया। यह पहल देश में नवाचार और उद्यमिता को गति देने के सरकार के डिजिटल और आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण को और मजबूत करेगी। नई दिल्ली में आयोजित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा बैठक के दौरान वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने इस सुविधा की शुरुआत की। इस अवसर पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के अध्यक्ष, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ, पीएसबी एलायंस के अधिकारी तथा वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, जिसे आईबीए और पीएसबी एलायंस के सहयोग से विकसित किया गया है, स्टार्टअप्स को ऋण आवेदन करने, विभिन्न बैंकों के प्रस्तावों की तुलना करने और अपनी आवेदन प्रक्रिया को रियल टाइम में ट्रैक करने की सुविधा देता है। इसके माध्यम से उद्यमियों को अब बैंक दर बैंक भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार की जानकारी के अनुसार, यह प्रणाली 'स्टार्टअप्स के लिए ऋण गारंटी योजना' के तहत 20 करोड़ रुपए तक के ऋण प्रदान करने में सक्षम होगी। पोर्टल पैन, जीएसटी, उद्यम, आयकर रिटर्न (आईटीआर) और क्रेडिट ब्यूरो जैसे डेटा स्रोतों से जुड़ा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और त्वरित बनेगी। साथ ही, महिला उद्यमियों के लिए ब्याज दरों पर विशेष रियायतें भी इस पहल का हिस्सा हैं। वित्त मंत्रालय ने इसे "विकसित भारत 2047" की दिशा में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म एक सहयोगात्मक और प्रौद्योगिकी-संचालित स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

## आम आदमी को राहत: खुदरा महंगाई दर 0.25 फीसद

एजेंसी | नई दिल्ली

महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में घट कर कई साल के निचले स्तर 0.25 फीसदी पर आ गई है। ये वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) श्रृंखला का सबसे निचला स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों में बताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती और सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा महंगाई दर (मुद्रा स्फीति) में यह गिरावट आई है।

**खाद्य महंगाई 5.02 प्रतिशत हुई**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में खाद्य महंगाई घट कर शून्य से नीचे 5.02 फीसदी पर आ गई है। एनएसओ ने कहा कि अक्टूबर, 2025 के दौरान कुल महंगाई और खाद्य मुद्रा स्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी दर में कटौती, अनुकूल आधार प्रभाव एवं तेल एवं वसा, सब्जियों, फलों, अंडे, जूते, अनाज, परिवहन व संचार की महंगाई दर में नरमी के कारण आई है।

**अक्टूबर 2024 में थी 6.21 प्रतिशत**



एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में घट कर 0.25 फीसदी पर आ गई है। सितंबर माह में यह 1.44 फीसदी और अक्टूबर, 2024 में 6.21 फीसदी थी। इस तरह सितंबर, 2025 की तुलना में अक्टूबर, 2025 की मुख्य मुद्रा स्फीति में 119 आधार अंकों की कमी आई है। यह वर्तमान सीपीआई श्रृंखला की वर्ष-दर-वर्ष सबसे कम महंगाई है।

# भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 16 नवंबर को

## एशिया कप राइजिंग स्टार्स टी20 टूर्नामेंट 14 नवंबर से दोहा में होगा आगाज़



**एजेंसी । नई दिल्ली**

एशियाई क्रिकेट के उभरते सितारों के बीच रोमांचक मुकाबलों का मंच तैयार है। कतर की राजधानी दोहा में 14 नवंबर से एसीसी एशिया कप राइजिंग स्टार्स टी20 टूर्नामेंट 2025 की शुरुआत होने जा रही है। यह प्रतियोगिता पहले इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के नाम से जानी जाती थी। इस बार टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो समूहों में बांटा गया है। टूर्नामेंट के दौरान 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें रोजाना दो मुकाबले होंगे। लीग चरण 14 से 19 नवंबर तक चलेगा, जबकि सेमीफाइनल 21 नवंबर और फाइनल मुकाबला 23 नवंबर को खेला जाएगा।

### प्रत्येक ग्रुप में चार टीमें शामिल

ग्रुप एः बांग्लादेश 'ए', श्रीलंका 'ए', अफगानिस्तान 'ए', हांगकांग और ग्रुप बीः भारत 'ए', पाकिस्तान 'ए', यूएई, ओमान को शामिल किया गया है। हर समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मुकाबला भारत 'ए' बनाम पाकिस्तान 'ए' 16 नवंबर को रात 8 बजे खेला जाएगा, जिस पर पूरी एशिया की निगाहें रहेंगी।

### 23 को खेला जाएगा फाइनल मैच

यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक चलेगा। 14 नवंबर को पाकिस्तान 'ए' बनाम ओमान और भारत 'ए' बनाम यूएई का मुकाबला होगा। इसी तरह 15 को बांग्लादेश 'ए' बनाम हांगकांग और श्रीलंका 'ए' बनाम अफगानिस्तान 'ए', 16 नवंबर को यूएई बनाम ओमान और भारत 'ए' बनाम पाकिस्तान 'ए' के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 23 नवंबर को रात आठ बजे खेला जाएगा।

# ICC टी20 रैंकिंग में शुभमन गिल की बड़ी छलांग


**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताज़ा रैंकिंग में भारत के उभरते बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान की छलांग लगाई है। गिल अब 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज़ में 46 और 29* रनों की दो उपयोगी पारियां खेली थीं, जिससे भारत को मजबूत शुरुआत मिली।

वनडे रैंकिंग में भले ही पाकिस्तान के सलमान आगा और अबरार अहमद ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की हो, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी लगातार स्थिर बना हुआ है। रोहित शर्मा और विराट कोहली अभी भी शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अपनी जगह बनाए हुए हैं, जबकि कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में बने हुए हैं। टी20 रैंकिंग में गिल के अलावा भारत के सूर्यकुमार यादव अभी भी नंबर 1 टी20 बल्लेबाज हैं। वहीं, गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई भी शीर्ष 10 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भारत के लिए लगातार विकेट झटक रहे हैं।



# फीफा विश्व कप 2026 होगा मेरा आखिरी वर्ल्ड कप: रोनाल्डो

**एजेंसी । रियाद**



पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को यह स्पष्ट कर दिया कि आने वाला फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि अब उनका शानदार करियर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है।

40 वर्षीय रोनाल्डो, जिन्होंने क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 950 से अधिक गोल किए हैं, ने यह भी बताया कि वे "एक या दो साल में फुटबॉल से संन्यास" लेने की योजना बना रहे हैं। सऊदी अरब में आयोजित एक फोरम में वीडियो लिंक के जरिए बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या 2026 विश्व कप उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, तो उन्होंने कहा, डेफिनिटली, हां। मैं तब 41 साल का हो जाऊंगा और मुझे लगता है कि यही सही समय होगा।

### अल-नारु के लिए खेल रहे क्रिस्टियानो

रोनाल्डो सऊदी के क्लब अल-नास्र के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 2023 में इस क्लब से जुड़ने के बाद कहा था कि वे "जल्द" रिटायर होंगे। इस पर उन्होंने अब स्पष्ट किया, सच कहूं तो जब मैंने 'जल्द' कहा था, मेरा मतलब था एक या दो साल के अंदर। मैं अभी भी खेल में रहूंगा, लेकिन ज़्यादा समय नहीं। पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता रोनाल्डो अब 2026 में अपना छठा विश्व कप खेलने का लक्ष्य रखे हुए हैं।

## एशेज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका


# सीन एबॉट हुए बाहर, हेजलवुड फिट घोषित

**एजेंसी । सिडनी**

एशेज सीरीज़ की तैयारियों के बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम को तेज गेंदबाज सीन एबॉट की चोट ने परेशानी में डाल दिया है। हैमस्ट्रिंग चोट के चलते एबॉट को पहले टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। वहीं, जोश हेजलवुड के फिट होने की पुष्टि हो गई है और वे नियोजित कार्यक्रम के तहत पर्थ में टीम से जुड़ेंगे।

यह चोट शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे मैच के दौरान लगी, जब लंच के बाद एबॉट और हेजलवुड दोनों मैदान पर नहीं लौटे थे।





### गंभीर चोट की पुष्टि नहीं

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में बताया, "जोश हेजलवुड ने दाहिनी हैमस्ट्रिंग में हल्की जकड़न महसूस की थी, लेकिन स्कैन में किसी भी गंभीर चोट की पुष्टि नहीं हुई है। वे पहले टेस्ट की तैयारी सामान्य रूप से जारी रखेंगे।" बोर्ड ने आगे कहा, "सीन एबॉट के स्कैन में मध्यम स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट पाई गई है, जिसके चलते वे पर्थ टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आने वाले हफ्तों में उनके पुनर्वास (रिहैब) की प्रक्रिया तय की जाएगी।"

### ब्रेंडन को मिल सकता है मौका

गौरतलब है कि कप्तान पैट कमिंस पहले ही चोट के कारण शुरुआती टेस्ट से बाहर हैं। इसके अलावा लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की चिंता बढ़ गई है। ऐसे हालात में 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट को टेस्ट टीम में मौका मिल सकता है। उन्होंने इस सीजन शेफील्ड शील्ड में 14.69 की शानदार औसत से 13 विकेट झटके हैं।

# जापान मास्टर्स 2025: लक्ष्य सेन ने दूसरे दौर में बनाई जगह

**एजेंसी । नई दिल्ली**

जापान के कुमामोटो सिटी में चल रहे जापान मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट (बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500) में भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि किरण जॉर्ज का सफर पहले ही राउंड में थम गया।

सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने मेजबान खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज कोकी वतानाबे को सीधे गेमों में 21-12, 21-16 से हराया। 39 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य ने अपने आक्रामक शॉट्स और सटीक नेट प्ले से पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। अब दूसरे दौर में उनका सामना कनाडा के विक्टर लाई या सिंगापुर के जिया हेंग जैसन तेह से होगा।



### किरण जॉर्ज पहले ही राउंड में बाहर

वहीं, भारत के किरण जॉर्ज को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मलेशिया के कोक जिंग होंग ने 22-20, 21-10 से हराते हुए टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दिन में बाद में एचएस प्रणय, आयुष शेट्टी और तरुण मानेपल्ली भी पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में अपने-अपने मुकाबले खेलने उतरेंगे। मिक्स्ड डबल्स वर्ग में भारत की जोड़ी रोहन कपूर और रुत्विका गड्डे ने रोमांचक मुकाबला खेला, लेकिन चार मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद अमेरिकी जोड़ी प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाय के खिलाफ 12-21, 21-19, 20-22 से हार झेलनी पड़ी। भारतीय दल अब टूर्नामेंट के अगले चरणों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ आगे बढ़ेगा।

## बॉलीवुड

# आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म हुई बंद

आमिर खान पिछली बार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे, जिसे दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने खूब सराहा। फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर निराशाजनक खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर की बहुप्रतीक्षित फिल्म भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहेब फाल्के की बायोपिक अब बंद कर दी गई है। पहले आमिर निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ एक सुपरहीरो फिल्म करने वाले थे, जिसमें उन्होंने उनकी फिल्म 'कुली' में कैमियो भी किया था। लेकिन 'कुली' के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के बाद यह प्रोजेक्ट रोक दिया गया। अब वही हाल उनकी बायोपिक फिल्म का भी काम रोक दिया गया है जिसे लेकर वे खुद बेहद उत्साहित थे। रिपोर्ट के अनुसार, आमिर खान और निर्देशक राजकुमार हिरानी ने मिलकर इस प्रोजेक्ट को बंद करने का फैसला किया है। 'सितारे जमीन पर' के बाद से आमिर की किसी नई फिल्म का इंतजार लगातार बना हुआ है, लेकिन अब तक वह कोई नई स्क्रिप्ट फाइनल नहीं कर पाए हैं। कई चर्चाओं और बैठकों के बाद भी बात आगे नहीं बढ़ सकी। सूत्रों के मुताबिक, दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बंद करने की मुख्य वजह इसकी स्क्रिप्ट ही रही। हिरानी और आमिर, जिन्होंने पहले '3 इडियट्स' और 'पीके' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में साथ काम किया था, इस बार भी एक मजबूत कहानी पेश करना चाहते थे, लेकिन कई बार स्क्रिप्ट लिखने के बावजूद वह कहानी वैसी नहीं बन पाई, जैसी उम्मीद की जा रही थी। दोनों ही कलाकारों का मानना है कि कंटेंट की क्वालिटी किसी भी प्रोजेक्ट से ज्यादा मायने रखती है इसलिए अधूरी या कमजोर कहानी के साथ आगे बढ़ना सही नहीं होगा। बताया जा रहा है कि आमिर खान अब अपनी अगली फिल्म का ऐलान तभी करेंगे, जब उन्हें एक सटीक और दमदार स्क्रिप्ट मिलेगी। वह जल्दबाजी में कोई प्रोजेक्ट साइन नहीं करना चाहते। हालांकि उनके इस फैसले से फैंस निराश हो सकते हैं, लेकिन आमिर और हिरानी तभी दोबारा साथ आएंगे, जब उनके पास दर्शकों को मनोरंजन और संदेश दोनों देने वाली कहानी होगी।



# रोहित शेट्टी फिर बने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के कमांडर

स्टंट और एडवेंचर से भरपूर मशहूर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का नया सीजन एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा है। निर्देशक रोहित शेट्टी जल्द ही इस शो के 15वें सीजन की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने शो के लिए कंटेस्टेंट्स से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

### 'बिग बॉस 19' के खत्म होते ही बढ़ी रफ्तार

सूत्रों के अनुसार, जैसे-जैसे सलमान खान का शो 'बिग बॉस 19' अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे 'खतरों के खिलाड़ी 15' की तैयारियां तेज हो गई हैं। टीम ने संभावित प्रतिभागियों से बातचीत शुरू कर दी है और जनवरी 2026 में शो की वापसी की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, शो के लिए बसीर अली, अभिषेक बजाज और नेहल चुडासमा को पहले ही ऑफर भेजा जा चुका है। तीनों हाल ही में 'बिग बॉस 19' में नजर आए थे, जिनमें से अभिषेक बजाज हाल ही में शो से बाहर हुए हैं।




### शोएब इब्राहिम को भी मिला ऑफर

जानकारी के अनुसार, मेकर्स ने टीवी अभिनेता शोएब इब्राहिम से भी संपर्क किया है। हालांकि, फिलहाल इस पर आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। यदि शोएब इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो वे पहली बार इस रोमांचक शो का हिस्सा बनेंगे। सूत्रों का कहना है कि शो की लोकेशन और बाकी स्टार कास्ट को लेकर चर्चा जारी है। उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

# 'दे दे प्यार दे 2' की एडवांस बुकिंग ठंडी, दर्शकों में नहीं दिखा उत्साह

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म के मेकर्स ने रिलीज से पहले इसकी एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी अजय देवगन ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर की। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की एडवांस बुकिंग ने फिलहाल धीमी शुरुआत दर्ज की है।

'दे दे प्यार दे 2' की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'दे दे प्यार दे 2' ने 12 नवंबर की दोपहर तक 5,382 टिकटें बेच डाली हैं। ये टिकटें देशभर के 2,671 शो के लिए बुक की गई हैं। फिल्म ने अब तक एडवांस बुकिंग से 19.19 लाख रुपये की कमाई की है। वहीं, ब्लॉक सीट्स को मिलाकर अजय देवगन की इस फिल्म का कुल कलेक्शन 1.37 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 में आई सुपरहिट फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पिछली फिल्म खत्म हुई थी। इस बार भी दर्शकों को रिलेशनशिप, हास्य और इमोशन का तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन, मिजान जाफरी और गौतमी कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ट्रेलर और गानों को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, और अब सभी की निगाहें 14 नवंबर को होने वाली थिएट्रिकल रिलीज़ पर टिकी हैं।



## हैवी वर्कआउट की वजह से खराब हुई थी

# गोविंदा की तबीयत

अभिनेता गोविंदा को बुधवार की दोपहर अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 11 नवंबर की देर रात अभिनेता की अचानक तबीयत खराब हुई थी। उन्हें मुंबई के क्रिटिकेयर एशिया मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उन्हें डॉक्टर की निगरानी में रखा गया जहां उनकी कुछ जांच भी हुई। हालांकि गोविंदा अब अस्पताल से बाहर आ गए हैं, और उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी स्थिति के बारे में आश्वासन दिया है। गोविंदा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ₹अच्छा हूं। ज्यादा मेहनत कर लिया और थकान हो गई। योग प्राणायाम अच्छा है। भारी एक्सरसाइज करते हैं, थोड़ा कठिन है। मैं कोशिश कर रहा हूं पर्सनैलिटी ज्यादा अच्छी हो जाए लेकिन मुझे लगता है योग प्राणायाम करें वही अच्छा है।₹ अभिनेता ने बताया कि बहुत ज्यादा शारीरिक गतिविधि करने के कारण उन्हें बेहोशी का परिणात भुगतना पड़ा। उन्हें इसके चलते काफी थकान हो गई थी।



# जमात-ए-इस्लामी पर कसा शिकंजा

- कुलगाम और सोपोर में 200 से अधिक ठिकानों पर छापे
- आतंकी नेटवर्क ध्वस्त करने के लिए पुलिस का बड़ा एक्शन
- 500 संदिग्धों से की गई पूछताछ, आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**एजेंसी | कुलगाम/सोपोर**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (JeI) के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाई में बुधवार को कुलगाम और सोपोर जिलों में 200 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह अभियान आतंकवाद समर्थक तंत्र और उसके जमीनी नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुलगाम जिले में बीते चार दिनों से यह सघन अभियान लगातार जारी है। अब तक ओवरग्राउंड वर्कर्स (OGWs), पूर्व मुठभेड़ स्थलों और सक्रिय या मारे गए आतंकवादियों से जुड़े ठिकानों पर 400 से अधिक सर्च ऑपरेशन किए जा चुके हैं। इस दौरान 500 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिनमें कई को निवारक कानूनों के तहत हिरासत में लेकर मट्टन (अनंतनाग) जिला जेल भेजा गया है। पुलिस ने छापों में आपत्तिजनक दस्तावेज़, डिजिटल उपकरण, और संवेदनशील सामग्री बरामद की है।



### फंडिंग नेटवर्क की भी छानबीन जारी

अधिकारियों ने बताया कि कुछ जमात सदस्यों को हिरासत में लेकर उनके आतंकी संगठनों और फंडिंग नेटवर्क से संभावित संबंधों की जांच की जा रही है। कुलगाम पुलिस का कहना है कि “आतंकवाद और उसके सहयोगी ढांचे के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति” पर राज्य सख्ती से अमल कर रहा है।

### फंडिंग नेटवर्क की भी छानबीन जारी

अधिकारियों ने बताया कि कुछ जमात सदस्यों को हिरासत में लेकर उनके आतंकी संगठनों और फंडिंग नेटवर्क से संभावित संबंधों की जांच की जा रही है। कुलगाम पुलिस का कहना है कि “आतंकवाद और उसके सहयोगी ढांचे के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति” पर राज्य सख्ती से अमल कर रहा है।

### जैंगीर, राफियाबाद में ताबड़तोड़ छापे

उधर, सोपोर पुलिस ने भी बुधवार को सोपोर, ज़ैंगीर और राफियाबाद क्षेत्रों में 25 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, यह कार्रवाई विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर की गई, जिनसे संकेत मिले थे कि प्रतिबंधित संगठन से जुड़े कुछ तत्व फिर से सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान डिजिटल डिवाइस, मुद्रित सामग्री और संगठन से संबंधित दस्तावेज़ जब्त किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के बाद नेटवर्क की परतें खोली जाएंगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मुख्य बिंदु

- जम्मू पुलिस का जमात-ए-इस्लामी पर अब तक का सबसे बड़ा एक्शन
- कुलगाम और सोपोर में 200+ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी
- 500 संदिग्धों से पूछताछ, कई को निवारक कानूनों में जेल भेजा गया
- आपत्तिजनक दस्तावेज़, डिजिटल उपकरण व मुद्रित सामग्री बरामद
- कार्रवाई का उद्देश्य — आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना

### एक और डॉक्टर हिरासत में लिया गया

वहीं, कुलगाम निवासी एक और डॉक्टर को सीआईके श्रीनगर ने पिछली रात हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर ने लगभग तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में उसने दो-तीन निजी गाड़ियां खरीदी हैं।

## दिल्ली विस्फोट : एक और संदिग्ध कार की तलाश



**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने एक अलर्ट जारी किया है। पुलिस पूरी दिल्ली में एक संदिग्ध कार की तलाश में जुटी है, जो लाल रंग की ईको स्पोर्ट है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस की पांच टीमें इसकी तलाश में जुटी हुई हैं। जांच में सामने आया कि संदिग्धों के पास आई-20 कार के अलावा एक और लाल रंग की कार थी। दिल्ली के सभी पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट और बॉर्डर चेकिंग पर लाल इको स्पोर्ट कार की तलाश के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी इस लाल कार को लेकर अलर्ट भेजा गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, एक लाल रंग की इको स्पोर्ट कार को लेकर अलर्ट आया था कि ये गाड़ी भी इनके साथ हो सकती है। पुलिस की जांच में आई-20 कार के साथ ये गाड़ी कही नहीं दिखी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी है। एनआईए ने मामले की जांच के लिए 10 सदस्यीय टीम बनाई है, जिसका नेतृत्व एडीजी विजय सखारे करेंगे। सखारे के अलावा टीम में आईजी, 2 डीआईजी, 3 एसपी और अन्य अधिकारी होंगे।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बम की अफवाह से हड़कंप

- चेन्नई-गोवा में भी अलर्ट
- जांच में निकली झूठी जानकारी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब फायर ब्रिगेड को शाम 4 बजे बम मिलने की सूचना मिली। जानकारी के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते और पुलिस की टीमों ने पहुंचकर पूरे क्षेत्र की तलाशी ली। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह ईमेल इंडिगो की शिकायत पोर्टल पर आया था जिसमें दिल्ली, चेन्नई और गोवा समेत कई एयरपोर्ट पर बम होने की बात कही गई थी। जांच के बाद सभी स्थानों पर अलर्ट जारी कर एहतियाती तलाशी की गई, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। पुलिस ने मामले में मिली जानकारी को फर्जी बताया है। वहीं चेन्नई और गोवा में भी जांच में कुछ भी नही मिला। लालकिले के पास धमाके से सभी एजेंसियां बिल्कुल अलर्ट पर हैं।

### एअर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

मुंबई से वाराणसी जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी मिलने की सूचना है। इसके बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं।

### विमान में सवार थे 182 यात्री

मुंबई से वाराणसी पहुंचे एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना से हड़कंप गया था। यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया। सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में शामिल रही। विमान में 182 यात्री सवार थे।

## 30 जापानी नागरिकों के रूस प्रवेश पर रोक

**एजेंसी | मास्को**

रूस ने रूस-विरोधी प्रतिबंधों के जवाब में जापानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता तोशीहिरो कितामुरा सहित 30 जापानी नागरिकों के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। रूसी संवाद एजेंसी 'तास' ने विदेश मंत्रालय के यहां मंगलवार को जारी एक बयान के हवाले से यह खबर दी। बयान में कहा गया है, विशेष सैन्य अभियान से जुड़े हमारे देश के खिलाफ जापान द्वारा लागू तथाकथित प्रतिबंधों के जवाब में, 30 जापानी नागरिकों पर रूस में प्रवेश पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। हमने इस बाबत एक सूची जारी की है। कितामुरा के साथ, इस सूची में जापानी विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और पत्रकार भी शामिल हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अब हर भारतीय को मिलेगा ई-पासपोर्ट

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बुधवार को देशभर में पासपोर्ट सेवाओं को पूर्णतः डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। मंत्रालय ने घोषणा की है कि अब से जारी होने वाले सभी भारतीय पासपोर्ट “ई-पासपोर्ट” होंगे, जिनमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) चिप लगे होंगे। ई-पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के सुरक्षा मानकों के अनुरूप होंगे और इनमें नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी एन्क्रिप्टेड रूप में सुरक्षित रहेगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पुराने गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी वैधता अवधि समाप्त होने तक मान्य रहेंगे। यह घोषणा पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (PSP V2.0) और ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (GPSP V2.0) के सफल क्रियान्वयन के साथ की गई है — जो विदेश मंत्रालय की सबसे बड़ी डिजिटल पहलों में शामिल हैं।

### नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी अमेरिका यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 12 से 17 नवंबर तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच स्थायी समुद्री साझीदारी को और मजबूत करना है, जो भारत-अमेरिका रक्षा साझीदारी का एक प्रमुख स्तंभ है। इस यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख अमेरिकी युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। नौसेना प्रमुख अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पापारो और अमेरिका के प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन टी. कोहलर के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। ये बातचीत दोनों नौसेनाओं के बीच चल रहे समुद्री सहयोग की समीक्षा, परिचालन-स्तरीय संबंधों को बढ़ाने और सूचना साझाकरण एवं समुद्री क्षेत्र जागरुकता के तंत्र को मजबूत करेगी।

### नौसैनिक अड्डा और परमाणु संयंत्र पर हाई अलर्ट

**कारवार/बेंगलुरु।** दिल्ली के लाल किला विस्फोट के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। इसी क्रम में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में रणनीतिक रूप से अहम कारवार स्थित सीबर्ड नौसैनिक अड्डे और कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा को उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया गया है। देश के सबसे बड़े नौसैनिक अड्डे सीबर्ड परियोजना क्षेत्र में अब सिर्फ अधिकृत नौसैनिक कर्मियों और कर्मचारियों को ही प्रवेश की अनुमति है। सभी आगंतुक पास अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग और नौसेना क्षेत्र की सीमाओं पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

## बंगाल पहुंची लाल किला विस्फोट की आंच



### मुर्शिदाबाद में एनआईए की छापेमारी, कई संदिग्धों पर नजर

**एजेंसी | मुर्शिदाबाद/नई दिल्ली**

दिल्ली के लाल किला विस्फोट कांड की जांच अब पश्चिम बंगाल तक पहुंच गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष टीम ने बुधवार को मुर्शिदाबाद जिले के नवग्राम थाना क्षेत्र के नीम गांव में छापेमारी की। यह कार्रवाई उन सुरागों के आधार पर की गई है, जो दिल्ली में गिरफ्तार संदिग्धों से पूछताछ के दौरान मिले मोबाइल नंबर से जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, एनआईए ने मौइनुल हसन नामक व्यक्ति के घर पर तलाशी ली। मौइनुल पहले दिल्ली और मुंबई में प्रवासी मजदूर के रूप में काम कर चुका है। एजेंसी को शक है कि इसी दौरान उसके कुछ आतंकी नेटवर्क से संपर्क बने हो सकते हैं। जांचकर्ताओं ने उसके मोबाइल डेटा और संपर्क सूत्रों की गहन पड़ताल शुरू कर दी है। इस बीच, लाल किला विस्फोट मामले में अब तक 15 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। जांच एजेंसियां अब चार डॉक्टरों की तलाश में हैं।

### कई संदिग्ध एनआईए के राडार पर

स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में चली इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि केवल मौइनुल ही नहीं, बल्कि मुर्शिदाबाद के कई अन्य लोगों के नाम भी एनआईए की राडार पर हैं। सभी की कॉल डिटेल्स और डिजिटल फुटप्रिंट्स की जांच जारी है ताकि दिल्ली विस्फोट से संभावित कनेक्शन की पुष्टि हो सके। गौरतलब है कि मुर्शिदाबाद पहले भी आतंकी गतिविधियों के गढ़ के रूप में चर्चा में रहा है।

## लातेहार में पांच लाख के इनामी उग्रवादी का सरेंडर




**एजेंसी | लातेहार**

झारखंड के लातेहार में उग्रवादी संगठन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादियों ने बुधवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में ब्रजेश यादव और अवधेश लोहरा शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में दोनों उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया। ब्रजेश यादव गुमला जिले का रहने वाला है। इस पर पांच लाख रूपये का इनाम भी घोषित था, जबकि अवधेश लातेहार के हेरहंज का रहने वाला है। पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा और लातेहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने दोनों उग्रवादियों को माला पहनाकर समाज के मुख्य धारा में स्वागत किया। आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार की नई दिशा नीति का लाभ उठाकर नक्सली अपना जीवन सुधार सकते हैं। वर्ष 2025 में अब तक लातेहार जिले में 21 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, यह किसी भी जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय अन्य उग्रवादियों-नक्सलवादियों को भी आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित किया।

## एच-1बी वीजा पर ट्रंप का रुख नरम



विदेशी प्रतिभाओं की अमेरिका को जरूरत

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ‘एच-1बी’ वीजा नीति पर अपने पूर्व रुख से हटते हुए कहा है कि अमेरिका को कुछ प्रमुख क्षेत्रों में विदेशी विशेषज्ञों और कुशल पेशेवरों की जरूरत है। ट्रंप का यह बयान उस नीति परिवर्तन का संकेत माना जा रहा है, जिसके तहत पहले उन्होंने एच-1बी वीजा को सीमित करने की बात कही थी। फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि “अमेरिका को प्रतिभाशाली लोगों को अपने देश में लाना होगा। कुछ क्षेत्रों में हमारे पास पर्याप्त विशेषज्ञ नहीं हैं, और हमें उन्हें प्रशिक्षित करने में समय लगता है।” ट्रंप ने स्वीकार किया कि अमेरिका पूरी तरह से घरेलू कार्यबल पर निर्भर रहकर रक्षा और विनिर्माण जैसे जटिल क्षेत्रों की जरूरतें पूरी नहीं कर सकता। “कई अमेरिकी कामगार योग्य हैं, लेकिन हमें कुछ उच्च तकनीकी क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिभाओं की आवश्यकता है।” ट्रंप ने बातचीत में यह भी संकेत दिया कि प्रशासन अब वीजा नीति में “विकास और संतुलन” का दृष्टिकोण अपनाएगा, ताकि अमेरिकी उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिल सके।

### जब ट्रंप ने लगाया एक लाख डालर शुल्क

ट्रंप का यह रुख उस समय आया है जब उनके प्रशासन ने पहले एच-1बी वीजा प्रणाली पर सख्त प्रतिबंधों की घोषणा की थी। बीते सितंबर में उन्होंने एक ‘उद्घोषणा’ जारी कर एच-1बी वीजा आवेदनों के लिए नई शर्तें जोड़ी थीं — जिसमें 21 सितंबर 2025 के बाद दाखिल किए जाने वाले नए आवेदनों के साथ 1 लाख अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त शुल्क अनिवार्य किया गया था।

### पुराने वीजा धारकों पर कोई असर नहीं

हालांकि, बाद में अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट किया कि यह शुल्क केवल नई आवेदनों या लॉटरी के जरिए दाखिल की जाने वाली प्रविष्टियों पर लागू होगा। मौजूदा वीजा धारकों या पुराने आवेदनों पर इसका असर नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप का यह नया बयान तकनीकी उद्योग और भारतीय पेशेवरों के लिए “सकारात्मक संकेत” है। भारतीय आईटी, इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों से जुड़े हजारों लोग हर साल एच-1बी वीजा पर अमेरिका जाते हैं, और वे इस नई नरमी से राहत महसूस करेंगे।

## बांग्लादेश में बंद के दौरान हिंसा भड़की

दर्जनों वाहन फूंके गए, ढाका में बीजीबी की तैनाती से बढ़ी सुरक्षा



**एजेंसी | ढाका**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका और आसपास के जिलों में मंगलवार रात से छिटपुट हिंसक घटनाओं के बाद तनाव फैल गया है। अवामी लीग द्वारा बुलाए गए बंद के बीच उपद्रवियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया, जिसके बाद हालात को नियंत्रित करने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 14 प्लाटून तैनात की गई हैं। बीजीबी प्रवक्ता शरीफुल इस्लाम के अनुसार, राजधानी में 12 प्लाटून और ढाका से सटे जिलों में दो प्लाटून अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। बलों को होटल इंटरकॉन्टिनेंटल, धानमंडी-32, हवाई अड्डा, अब्दुल्लापुर, काकरैल, शिशु अकादमी, उच्च न्यायालय परिसर और अबरार फहद एवेन्यू जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात किया गया है। हिंसा ऐसे समय में हुई है जब अवामी लीग ने बंद का आह्वान किया है। यह बंद उस अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले से पहले बुलाया गया है।

### राजमार्ग पर बसों में लगाई आग

भोगरा बाइपास के पास ढाका-तंगैल राजमार्ग पर खड़ी बस को आग के हवाले कर दिया गया, जबकि दूसरी घटना श्रीपुर उपजिला के बेरैड चाला इलाके में दर्ज की गई। दमकलकर्मियों ने दोनों स्थानों पर आग पर काबू पा लिया। इससे पहले, मंगलवार रात लगभग 10 बजे कालियाकोइर-नबीनगर राजमार्ग पर भी एक मिनी बस में आग लगा दी गई थी।

### आम नागरिकों में सुरक्षा की चिंता

अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल सभी प्रमुख मार्गों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर अर्धसैनिक बलों की चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने भी उपद्रवियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## आईआईटी बॉम्बे ने रचा इतिहास

**एजेंसी | नई दिल्ली**




भारत ने क्वांटम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के वैज्ञानिकों ने देश का पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप विकसित कर इतिहास रच दिया है। यह अत्याधुनिक उपकरण चुंबकीय क्षेत्रों की त्रि-आयामी (3डी) छवि तैयार करने में सक्षम है, जिससे न्यूरोसाइंस, मटेरियल साइंस और सेमीकंडक्टर चिप परीक्षण में क्रांतिकारी प्रगति की उम्मीद है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के तहत हासिल की गई है, जिसके साथ भारत को इस तकनीक का पहला पेटेंट भी प्राप्त हुआ है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इस अनूठे उपकरण की घोषणा हाल ही में आयोजित ‘एमर्जिंग साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव’ के दौरान की गई।

### एनवी पर आधारित है तकनीक

यह माइक्रोस्कोप प्रोफेसर कस्तूरी साहा और उनकी टीम द्वारा विकसित किया गया है। यह तकनीक नाइट्रोजन वैकेंसी (NV) केंद्रों पर आधारित है — यानी हीरे में नाइट्रोजन परमाणु के पास मौजूद एक रिक्त स्थान, जो कमरे के तापमान पर भी मजबूत क्वांटम गुण प्रदर्शित करता है।

## आतंकी मोहिउद्दीन के घर से जहरीला रसायन बरामद

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गांधीनगर से तीन आतंकियों को पकड़ने के बाद उनके खतरनाक इरादों का खुलासा हो रहा है। गिरफ्तार आतंकी अहमद मोहिउद्दीन सैयद साइनाइड बनाकर खतरनाक जहर तैयार कर रहा था। गुजरात एटीएस की एक टीम हैदराबाद स्थित उसके आवास पर पहुंची, जहां से भारी मात्रा में खतरनाक जहरीला रसायन बनाने का कच्चा माल मिला है जिसे एटीएस ने जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। गुजरात एटीएस द्वारा गांधीनगर के अडालज से गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकियों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश और राजस्थान एटीएस की टीमें भी गुजरात एटीएस कार्यालय पहुंच गई हैं। कट्टरपंथी विचारधारा से प्रेरित और कश्मीर का अक्सर दौरा करने वाले तीनों गिरफ्तार आतंकियों की गहन जांच चल रही है। चूंकि मोहिउद्दीन दिल्ली के आजाद मैदान और अहमदाबाद नरोडा फल मंडी में गया था।

**आपदा डाटा** सड़कों को प्राकृतिक खतरों से बचाएगी नई तकनीक

## भारत में बनेगी आपदा-रोधी सड़कें

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत में नई तकनीक अपनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों को प्राकृतिक खतरों से बचाया जाएगा। इसके तहत भविष्य की सभी राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में नेशनल डाटाबेस फॉर इमरजेंसी मैनेजमेंट (एनडीईएम) पोर्टल के डाटा का उपयोग और विश्लेषण दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह सड़कों को बाढ़, चक्रवात और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अधिक लचीला बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।



### डीपीआर में शामिल होगी बुनियादी ढांचे की लागत

आपदा से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे (जैसे रिटेनिंग वॉल और मजबूत पुलिया) की लागत को शुरुआत में ही डीपीआर में शामिल किया जा सकेगा। आपदा-रोधी सड़कें मौसम की चरम घटनाओं का सामना करने में अधिक सक्षम होंगी। इससे सड़कों की उम्र बढ़ेगी और रखरखाव का खर्च कम होगा।

### सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय जारी किया आदेश

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया है। इसमें राजमार्ग की डीपीआर में आपदा डाटा शामिल करना आवश्यक होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आपदा-रोधी डिजाइन में पूर्व में हुई बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात या भूकंप जैसी आपदाओं के डाटा का विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर सड़क के डिजाइन में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उदाहरण के लिए बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सड़क की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी या जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। जोखिम कम करने के उपाय के तौर पर यह डाटा कमजोर और दुर्घटना की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेगा।